इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रात: संस्करण

"यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति"।।

# दावा

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

शुक्ला मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
किडनी एवं मूत्र विशेषज्ञ
डॉ. तरूण ध्रुव
MBBS, FID, CCIDS, FIN
CONSULTING PHYSICIAN
IN NEPHROLOGY
डायलिसिस व सभी प्रकार के पथरी का इलाज उपलब्ध.
प्रत्येक मंगलवार एवं शुक्रवार
समय: सुबह 9:30 से 11:30
बसंतपुर, राजनांदगांव (छ.ग.)
Mo. 9301033013, 9752899208



# दागी पीएम-सीएम की 30 दिन में होगी छुट्टी, अमित शाह ने लोकसभा में पेश किया बिल; विपक्ष का भारी हंगामा

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन महत्वपूर्ण विधेयक पेश किए, जिनमें दागी प्रधानमंत्रियों, मुख्यमंत्रियों और मंत्रियों को पद से हटाने का सख्त प्रावधान शामिल है। इस प्रस्ताव के अनुसार, यदि कोई प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री गंभीर आरोपों में गिरफ्तार होता है और 30 दिनों तक जेल में रहता है, तो 31वें दिन उसे इस्तीफा देना होगा या उसे बर्खास्त कर दिया जाएगा। गृह मंत्री द्वारा पेश किए गए इन तीन विधेयकों में संविधान (एक सौ तीसवां संशोधन) विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक, 2025, और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक शामिल हैं। जैसे ही अमित शाह ने इन बिलों को सदन के पटल पर रखा, कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दलों ने इसका पुरजोर विरोध करते हुए जोरदार हंगामा शुरू कर दिया। विपक्ष इन सख्त प्रावधानों को अलोकतांत्रिक बता रहा है। विपक्षी हंगामे के बीच, गृह मंत्री अमित शाह ने स्पष्ट किया कि दागी मुख्यमंत्रियों, प्रधानमंत्रियों और मंत्रियों को हटाने से संबंधित इस विधेयक को विचार-विमर्श के लिए संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के पास भेजा जाएगा। इसके बावजूद सदन में विपक्ष का विरोध प्रदर्शन जारी रहा।

### हंगामे के बाद अमित शाह का बड़ा ऐलान, जेपीसी को भेजे गए तीनों बिल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को 130वां संविधान संशोधन विधेयक समेत तीन अहम बिल पेश किए। इस दौरान संसद में जमकर हंगामा हुआ। जैसे ही अमित शाह ने बिल पेश किया तो लोकसभा में बवाल हो गया। इस विधेयक में गंभीर आपराधिक आरोपों में लगातार 30 दिन तक जेल में रहने पर प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को पद से हटाने का प्रावधान है। जैसे ही ये बिल लोकसभा में आया विपक्ष ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद अमित शाह ने तीनों पेश किए गए विधेयकों को जेपीसी यानी संयुक्त संसदीय समिति भेजने का प्रस्ताव रखा।



### लोकसभा में तीन बिल, सदन में जमकर हंगामा

अमित शाह ने बुधवार को जैसे ही तीनों बिल पेश किए, भारी हंगामे के कारण सदन की बैठक करीब 45 मिनट के लिए दिन में तीन बजे तक स्थगित कर दी गई। सदन की बैठक दो बार के स्थगन के बाद दो बजे शुरू हुई तो केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए जाने का प्रस्ताव रखा। इसी के बाद तीनों बिलों के विरोध में विपक्षी सांसद नारेबाजी करने लगे।

### विपक्ष ने बिल पर उठाए सवाल, जेपीसी को भेजा गया

विपक्ष की ओर से एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस के मनीष तिवारी और केसी वेणुगोपाल, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने विधेयकों को पेश किए जाने का विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों के अनुसार सात दिन पहले विधेयक पेश करने का नोटिस सदस्यों को नहीं दिया गया और इसकी प्रतियां भी समय पर नहीं वितरित की गईं।

### विपक्ष ने पूछा- इतनी हड़बड़ी में क्यों है सरकार

जब प्रेमचंद्रन ने कहा कि तीनों विधेयकों को सदन में पेश करने की सरकार को इतनी हड़बड़ी क्यों है? इस पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रेमचंद्रन जल्दबाजी की बात कर रहे हैं, लेकिन इसका सवाल इसलिए नहीं उठता क्योंकि मैं इस विधेयक को संसद की संयुक्त समिति को सौंपने का अनुरोध करने वाला हूं। संयुक्त समिति जो लोकसभा और राज्यसभा के सदस्यों, पक्ष और विपक्ष के सदस्यों की बनेगी और इस पर विचार करके विधेयक को आपके सामने लाएगी।

### वेणुगोपाल ने ऐसा क्या कहा, शाह ने दिया करारा जवाब

इसके बाद कांग्रेस सांसद वेणुगोपाल ने आसन की अनुमति से बोलते हुए कहा कि बीजेपी के लोग कह रहे हैं कि यह विधेयक राजनीति में शुचिता लाने के लिए लाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि क्या मैं गृह मंत्री से पूछ सकता हूं कि जब वह गुजरात के गृह मंत्री थे, उन्हें गिरफ्तार किया गया था तब क्या उन्होंने नैतिकता का ध्यान रखा था? गृह मंत्री ने वेणुगोपाल के बयान पर जवाब देते हुए कहा कि मैं रिकॉर्ड स्पष्ट करना चाहता हूं। मैंने गिरफ्तार होने से पहले नैतिकता के मूल्यों का हवाला देकर इस्तीफा भी दिया और जब तक अदालत से निर्दोष साबित नहीं हुआ, तब तक मैंने कोई संवैधानिक पद स्वीकार नहीं किया।

शाह ने कहा कि ये हमें क्या नैतिकता सिखाएंगे। मैं तो इस्तीफा देकर गया था। मैं तो चाहता हूं कि नैतिकता के मूल्य बढ़ें। हम ऐसे निर्लज्ज नहीं हो सकते कि हम पर आरोप लगें और हम संवैधानिक पद पर बने रहें। गिरफ्तारी से पहले मैंने इस्तीफा दिया था। इसके बाद शाह ने प्रस्ताव रखा कि 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' को दोनों सदनों की संयुक्त समिति को विचार के लिए भेजा जाए। जिसे स्पीकर ने स्वीकार कर लिया।

## लोकसभा में विपक्ष ने अमित शाह पर कागज के गोले फेंके, सुरक्षा में दौड़े मार्शल

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में भारी हंगामे और नारेबाजी के बीच तीन बिल पेश कर दिए। इसके तहत प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों के गंभीर अपराध के आरोप लगने और 30 दिनों तक जेल जाने की स्थिति में उन्हें उनके पद से हटाया जा सकेगा। बिल पेश करते ही विपक्ष ने जोरदार हंगामा किया और बिल की कॉपी फाड़कर अमित शाह के सामने उछाल दी। ये घटना उस वक्त हुई जब केंद्रीय मंत्री लोकसभा में एक सौ तीसवां संशोधन विधेयक, 2025, केंद्र शासित प्रदेशों की सरकार (संशोधन) विधेयक और जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक पेश किया। वहीं, केंद्र ने विपक्षी सांसदों पर निशाना साधा। केंद्र ने विपक्ष के आचरण पर आपत्ति जताई और कहा कि सांसदों को जनादेश का अनादर नहीं करना चाहिए तथा बहस और चर्चा में योगदान देना चाहिए। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर लिखा,'जनता हमें काम करने के लिए भेजती है, क्या विपक्ष हंगामा करने आता है? लोकतंत्र का अपमान करने वालों को देश की जनता माफ नहीं करेगी। सांसदों को जनादेश का अनादर नहीं करना चाहिए और बहस और चर्चा में योगदान देना चाहिए।' संसद में जैसे ही विरोध प्रदर्शन बढ़ा, केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू और किरेन रिजिजू सहित बीजेपी (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नए विधेयक राज्य सरकारों को कमजोर करने का हथियार.. 130वें संविधान संशोधन पर खरगे का बीजेपी पर निशाना



एनडीए और इंडिया गठबंधन द्वारा उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए प्रत्याशी के ऐलान के बाद देशभर में सियासी पारा हाई है। बुधवार को इंडिया गठबंधन के सदस्यों ने संविधान सदन के सेंट्रल हॉल में इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार, सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बी. सुदर्शन रेड्डी के साथ चर्चा की। इस दौरान मल्लिकार्जुन खरगे ने नए विधेयकों को लेकर सत्तारुढ़ बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने बुधवार को इंडिया गठबंधन की बैठक में बीजेपी पर संसदीय बहुमत का जबरदस्त दुरुपयोग का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, पिछले 11 सालों में हमने ससंदीय बहुमत का काफी दुरुपयोग देखा। जिसमें ईडी, आयकर और सीबीआई जैसी स्वायत्त एजेंसियों को विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने के लिए कठोर शक्तियों से लैस किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने 130वें (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 130वां संविधान संशोधन विधेयक 'सुपर-इमरजेंसी' से भी आगे का कदम: ममता बनर्जी



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 130वें संविधान संशोधन विधेयक को लेकर केंद्र सरकार और बीजेपी पर हमला बोला है। ममता बनर्जी ने दावा किया कि 130वां संविधान संशोधन विधेयक 'सुपर-इमरजेंसी' से भी आगे का कदम है, जो भारत में लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त कर देगा। उन्होंने दावा किया कि मोदी सरकार के इस विधेयक का उद्देश्य न्यायपालिका की स्वतंत्रता को समाप्त करना है और इसके जरिए मौजूदा केंद्र सरकार 'एक व्यक्ति-एक पार्टी-एक सरकार' सिस्टम को मजबूत करने का प्रयास है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने विपक्ष के विरोध और हंगामे के बीच लोकसभा में बुधवार को 'संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कुर्सी बचाने के लिए फैसला- अखिलेश यादव



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 को तानाशाही की निशानी करार दिया. उन्होंने कहा कि यह विधेयक केंद्र सरकार की कुर्सी बचाने की कोशिश है, लेकिन इतिहास गवाह है कि ऐसे फैसले कभी सफल नहीं हुए हैं. अखिलेश यादव ने कहा कि दुनिया के तानाशाह चाहे जर्मनी, इटली या रूस में रहे हों, उन्होंने भी अपनी कुर्सी बचाने के लिए ऐसे फैसले किए लेकिन इतिहास में कोई भी अपनी कुर्सी नहीं बचा पाया. यह संशोधन जनता के खिलाफ और कॉर्पोरेट घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए लाया गया है. उन्होंने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि यह विधेयक जनता के हितों को नुकसान पहुंचाएगा और विपक्ष को दबाने का हथियार बन सकता है. यह विधेयक भारत के संविधान में बड़ा बदलाव लाने का प्रस्ताव है. इसका मुख्य प्रावधान है कि यदि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# साय मंत्रिमंडल का विस्तार, 3 नए मंत्रियों ने ली शपथ

### राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव बने मंत्री

### सीएम साय ने तीनों नए मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

### राजभवन में शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न



रायपुर। छत्तीसगढ़ में विष्णुदेव साय मंत्रिमंडल में तीन नए मंत्री शामिल हो गए हैं। तीन विधायक राजेश अग्रवाल, खुशवंत साहेब और गजेंद्र यादव ने मंत्री पद की शपथ ली है। राजभवन में राज्यपाल ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई।

तीन नये मंत्रियों की बात करें तो इसमें दुर्ग संभाग से दुर्ग शहर विधायक विधायक गजेंद्र यादव, सरगुजा संभाग से अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल और रायपुर संभाग से आरंग विधायक और सतनामी समाज के गुरु खुशवंत साहेब नए मंत्री पद की शपथ ली। गौर करने वाली बड़ी और खास बात ये है कि ये तीनों नेता पहली बार विधायक बने हैं और पहली विधायकी में ही मंत्री बनने जा रहे हैं।

### साय ने तीनों नए मंत्रियों को दी शुभकामनाएं

सीएम विष्णुदेव साय ने कैबिनेट में शामिल तीनों नए मंत्रियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया-आज शपथ लेने वाले मेरे कैबिनेट के नए सदस्य गजेंद्र यादव, गुरु खुशवंत साहेब, राजेश अग्रवाल को बधाई और शुभकामनाएं। मुझे पूरा विश्वास है कि सभी मंत्रीगण पूरी निष्ठा और लगन से जनता की सेवा कर विकास और सुशासन का सुनहरा अध्याय रचेंगे। सभी साथियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### कैबिनेट में सीएम साय समेत हो जायेंगे 14 मंत्री

1. विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री
2. अरुण साव, उपमुख्यमंत्री
3. विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री
4. ओपी चौधरी, वित्त मंत्री
5. केदार कश्यप, वन मंत्री
6. दयाल दास बघेल, खाद्य मंत्री
7. टंकराम वर्मा, राजस्व, खेल मंत्री
8. लखन लाल देवांगन, उद्योग मंत्री
9. श्याम बिहारी जायसवाल -स्वास्थ्य मंत्री
10. रामविचार नेताम, - कृषि, आदिम जाति कल्याण मंत्री
11. लक्ष्मी राजवाड़े- महिला बाल विकास मंत्री
12 गजेंद्र यादव-(स्कूल शिक्षा)
13. राजेश अग्रवाल-(पर्यटन,संस्कृति)
14. खुशवंत साहेब (अनुसूचित जाति, तकनीकि शिक्षा)

# दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला

## कैंप कार्यालय में कर रही थीं जनसुनवाई

नईदिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार को एक व्यक्ति ने हमला कर दिया। यह हमला उन पर तब हुआ, जब वह सिविल लाइंस स्थित कैंप कार्यालय में जनसुनवाई कर रही थीं।

रिपोर्ट के मुताबिक, जनसुनवाई के दौरान एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री पर चिल्लाना शुरू कर दिया और उनको थप्पड़ भी मारा। इस दौरान काफी अभद्र भाषा का भी इस्तेमाल किया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। यह एक बड़ी सुरक्षा चूक मानी जा रही है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी 41 वर्ष का राजेशभाई खिमजीभाई सकारिया है, जो गुजरात के राजकोट का रहने वाला है। पुलिस ने बताया कि आरोपी का एक रिश्तेदार जेल में है और वह उनकी रिहाई के लिए प्रयास कर रहा है। इस संबंध में वह अपना पत्र लेकर मुख्यमंत्री के पास आया था। यह मामला कोर्ट में लंबित है।



दिल्ली पुलिस आरोपी के बारे में और अधिक पता करने के लिए गुजरात पुलिस से संपर्क में है। जनसुनाई में मौजूद अंजली रमेजा ने बताया, जब यह घटना हुई, तब वह मुख्यमंत्री लोगों को सुन रही थीं। हमें पीछे से शोर सुनाई दिया, और जब तक हम मुड़े, पुलिस हमलावर को पकड़ कर ले जा चुकी थी। पत्रकार ने उनसे थप्पड़ मारे जाने की बात पूछी तो उन्होंने बताया कि हां, उनके ऊपर हमला हुआ था और रेखा जी पूरी तरह सदमे में थीं। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### हमले के बाद मैं सदमे में थी- सीएम रेखा गुप्ता

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर बुधवार सुबह जन सुनवाई के दौरान हुए हमले के बाद उनका पहला बयान सामने आया है. सीएम गुप्ता ने इसे सिर्फ अपने ऊपर हमला नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को हल करने की उनकी प्रतिबद्धता पर कायराना कोशिश बताया है. उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद वह सदमे में थीं, लेकिन अब बेहतर महसूस कर रही हैं. सीएम रेखा ने अपने ऑफिशियल एक्स हैंडल पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, आज सुबह जनसुनवाई के दौरान मेरे ऊपर हुआ हमला केवल मेरे ऊपर नहीं, बल्कि दिल्ली की सेवा और जनता की भलाई के हमारे संकल्प पर किया गया एक कायराना प्रयास है. स्वाभाविक है कि इस हमले के बाद मैं सदमे में थी, परन्तु अब (शेष पृष्ठ 6 पर...)

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश की जीएसटी सुधार की योजना, टैक्स दरें घटाने और अनुपालन आसान करने पर जोर

नई दिल्ली। निर्मला सीतारमण ने बुधवार को जीएसटी सुधारों पर राज्यों के मंत्रिसमूह के साथ बैठक की। बैठक के दौरान राज्यों के मंत्रिसमूह को जीएसटी व्यवस्था में व्यापक सुधारों के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में बताया गया। इन सुधारों में कर की दरों में कटौती और व्यवसायों के लिए अनुपालन बोझ को कम करना शामिल है।



प्रस्ताव में कहा गया है कि केंद्र सरकार जीएसटी दरों को मौजूदा 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत की चार कैटेगरी से घटाकर मुख्य रूप से 5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत की दो कैटेगरी में लाने की योजना बना रही है। वहीं, sin goods (जो समाज के लिए हानिकारक माने जाते हैं) पर 40 प्रतिशत की विशेष दर लागू करने का सुझाव भी शामिल है। बीमा कराधान और क्षतिपूर्ति उपकर पर गठित मंत्री समूह दो दिनों तक केंद्र के 'अगली पीढ़ी' के जीएसटी सुधारों पर विचार-विमर्श करेगा। खबर के मुताबिक, वित्त मंत्री ने लगभग 20 मिनट के अपने संबोधन में इन सुधारों की जरूरत और इससे होने वाले लाभों को राज्यों के प्रतिनिधियों के सामने रखा। यह बैठक दो दिनों तक चलेगी, जिसमें रेट रेशनलाइजेशन, बीमा पर टैक्स और मुआवजा उपकर जैसे विषयों पर चर्चा की जा रही है। बीमा क्षेत्र से जुड़े GoM स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर जीएसटी दरों को कम करने पर विचार कर रहा है। वहीं, मुआवजा उपकर समूह इसके भविष्य को लेकर सुझाव देगा, खासकर ऐसे समय में जब उधार चुकाने की समयसीमा खत्म हो रही है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक कदम है और केंद्र सरकार आने वाले हफ्तों में राज्यों के साथ आम सहमति बनाने पर विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि जीएसटी सुधारों पर केंद्र का प्रस्ताव (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद में पेश: ड्रीम-11, विंज़ो, माई-11 सर्कल जैसे फैंटसी गेम्स पर संकट; AIGF ने जताया विरोध

नई दिल्ली। भारत के तेजी से बढ़ते ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर पर पाबंदी लगाने केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाया है। आईटी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने बुधवार, 20 अगस्त को संसद में ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन एवं विनियमन विधेयक, 2025 पेश किया। इसके पास होते ही 3.7 अरब डॉलर की गेमिंग इंडस्ट्री पर ब्रेक लग सकता है। साथ ही ड्रीम11, विंज़ो, माई11सर्कल जैसे पॉपुलर गेम्स बंद हो सकते हैं। ऑल इंडिया गेमिंग फेडरेशन ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर विधेयक पर पुनर्विचार की मांग की है। संगठन ने कहा, इस पर पूर्ण प्रतिबंध से लाखों नौकरियां चली जाएंगी और करोड़ों खिलाड़ी अवैध जुए (शेष पृष्ठ 6 पर...)




# शराब घोटाला: कोर्ट ने 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ जारी किया वारंट, कभी भी हो सकती है गिरफ्तारी

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित शराब घोटाले मामले में विशेष कोर्ट ने 28 आबकारी अधिकारियों के खिलाफ वारंट जारी किया है। कभी भी इन अधिकारियों की गिरफ्तारी हो सकती है। आपको बता दें कि, बीते दिनों हाई कोर्ट में सभी की अग्रिम जमानत याचिका खारिज की थी।




### हाईकोर्ट ने की थी याचिका खारिज

बहुचर्चित शराब घोटाले में फंसे आबकारी विभाग के अधिकारियों को हाईकोर्ट से एक बड़ा झटका लगा है। आज हाईकोर्ट ने सभी 29 अधिकारियों की अग्रिम जमानत याचिकाएं खारिज कर दीं है। आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो की गिरफ्तारी से बचने के लिए इन सभी अधिकारियों ने हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की थी। जिसे जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा की सिंगल बेंच ने सुनवाई के बाद याचिकाएं खारिज करते हुए साफ कहा कि आरोपी निचली अदालत में सरेंडर करें और वहीं से जमानत के लिए आवेदन लगाए।

### ईओडब्लू ने कोर्ट में किया था चौथा चालान

राज्य के इस बड़े घोटाले का खुलासा करने के बाद ईओडब्लू की टीम ने इस मामले में चतुर्थ पूरक चालान बुधवार को न्यायालय में प्रस्तुत किया था, जिसे 5 जुलाई को विशेष न्यायाधीश के अवकाश पर होने की वजह से प्रस्तुत नहीं किया जा सका था। गिरफ्तारी के डर से ईओडब्लू द्वारा जारी समन के बावजूद न्यायालय में पेश नहीं होने पर सभी 29 आरोपियों को 20 अगस्त तक मोहलत दी गई है। ईओडब्लू द्वारा की जा रही जांच में अब तक यह तथ्य सामने आया है कि पूर्व (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पहला कॉलम...

### डोगेंद्र साहू का एमबीबीएस में चयन, क्षेत्र में हर्ष का माहौल



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि हासिल करते हुए ग्राम डोम्हाटोला के किसान रेखालाल साहू पिता व माता द्रौपदी साहू के पुत्र डोगेंद्र साहू ने 487 अंक प्राप्त कर चंदूलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस में प्रवेश पाया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।

नव चयनित छात्र डोगेंद्र साहू को बधाई देने के लिए जिला पंचायत सदस्य श्रीमती शीला टाकेश सिन्हा विशेष रूप से पहुंचीं। इस अवसर पर तिलाई मंडल अध्यक्ष परदेशी सोनबोइर, जनपद सदस्य श्रीमती ललिता मोहन साहू, जनपद सदस्य राकेश साहू, भाजपा युवा नेता टाकेश सिन्हा, सरपंच दाधिबल वर्मा, नीलकंठ गंधर्व व अजय वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने डोगेंद्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### ॐ साईंनाथ मंदिर समिति का गठन, गुरुदत्त वर्मा बने अध्यक्ष

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय शंकरपुर वार्ड नं. 9 में विगत दिवस ॐ साईंनाथ मंदिर समिति का गठन किया गया। जिसमें सलाहकार अशोक कोर्राम, कौशल देवांगन, रेखालाल वर्मा, पप्पू देवांगन, गणेश श्रीवास्तव, गोविंद गजभिये, विक्की वैष्णव के सहमति से अध्यक्ष गुरूदत्त वर्मा, उपाध्यक्ष राजा देवांगन, कोषाध्यक्ष हेमन्त सिन्हा को मनोनीत किया गया एवं सदस्यगणों का चयन किया गया। श्री सांई मंदिर समिति द्वारा प्रत्येक गुरूवार को संध्या पूजा पश्चात प्रसादी वितरण किया जाता है। अधिक-अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने मंदिर समिति की अपील की गई है।


### जप्तशुदा वाहन राजसात की नीलामी

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने पचगांव तहसील मोहड़ी जिला भण्डारा महाराष्ट्र निवासी निखिल राजकुमार लोहबरे एवं नवासी दुरखा पीएस मोहाड़ी तहसील व जिला भण्डारा महाराष्ट्र निवासी शुभम श्रीधर भुरे के स्वामित्व की जप्तशुदा वाहन बोलेरो पिकअप क्रमांक एमएच 36 एए 2414 को छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम के प्रावधानों के तहत शासन के पक्ष में राजसात किया है। पुनरीक्षण अवधि समाप्त होने तथा सक्षम न्यायालय से किसी प्रकार का कोई आदेश प्राप्त नहीं होने की दशा में राजसात किए गए वाहन का गठित समिति द्वारा नियमानुसार नीलामी की कार्रवाई की जाएगी एवं प्राप्त राशि को छत्तीसगढ़ शासन के निर्धारित मद में खजाना दाखिल करने की कार्रवाई की जाएगी। सक्षम न्यायालय (सत्र न्यायालय राजनांदगांव) से आदेश के विरूद्ध कोई आदेश प्राप्त होने पर आगे की कार्रवाई न्यायालय के आदेशानुसार की जाएगी।

### आंगनबाड़ी सहायिका के पद पर भर्ती के लिए 8 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) अंतर्गत आने वाले आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 20 रविदास वार्ड एवं आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 47 मोहारा में सहायिका के 1-1 पद के लिए 8 सितम्बर 2025 तक आवेदन आमंत्रित की गई है। आंगनबाड़ी सहायिका के पद के लिए भर्ती के लिए इच्छुक एवं पात्र आवेदक निर्धारित तिथि तक कार्यालय एकीकृत बाल विकास सेवा परियोजना राजनांदगांव (शहरी) में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकते है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

### अशोक श्रीवास्तव का निधन



राजनांदगांव (दावा)। ममता नगर निवासी जेल विभाग से सेवानिवृत अशोक श्रीवास्तव का 20 अगस्त को दुःखद निधन हो गया है। अंतिम यात्रा आज दिनांक 21 अगस्त को सुबह 9 बजे निज निवास ममता नगर गली नंबर 5 से मुक्तिधाम लखोली के लिए रवाना होगी। वे शरद श्रीवास्तव और सुशील (राजन) श्रीवास्तव के पिता थे।









**स्व. सुरजीत कौर स्मृति में मानसून हॉकी लीग प्रतियोगिता**

# हॉकी कवर्धा, खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर, कैग रायपुर और स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर की विजयी शुरूवात

राजनांदगांव (दावा)। हॉकी नर्सरी राजनांदगांव में छत्तीसगढ हॉकी के मार्गदर्शन व जिला हॉकी संघ के तत्वधान में मानसून हॉकी लीग स्पर्धा 20 से 24 अगस्त तक संस्कारधानी के अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में फ़िरोज़ अंसारी अध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी के मुख्यआतिथ्य में नीरज कन्नोजे अध्यक्ष जिला क्रीड़ा भारती के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने अपने उद्बोधन हॉकी नर्सरी में अंतर्राष्ट्रीय एस्ट्रोटर्फ हॉकी मैदान में खेली जाने वाली मानसून हॉकी लीग प्रतियोगिता का विगत पांच सालों से आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमें हिस्सा ले रही है। जिसमें स्पोटर्स अकादमी रायपुर, खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर, नागपुर, वन विभाग राजनांदगांव, हॉकी कबीरधाम, हॉकी दुर्ग, हॉकी कुरूद, खेलो इंडिया सेंटर राजनांदगांव, डीएचए रायपुर, सीनियर मोर्निंग ग्रुप राजनांदगांव, कैग रायपुर के अलावा मेजबान राजनांदगांव की टीमें शामिल है। इस प्रकार के आयोजन से होनहार खिलाड़ियों के एक प्लेटफॉर्म मिलता है। अपने खेल का प्रदर्शन को निखारने के लिए कई ऐसे खिलाड़ी होते है, जिन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका नही मिल पाता है। उन खिलाड़ियों को ऐसे आयोजनों में खेलने का मौका मिलता है। मैं आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए शुभकामना देते हुए सफलता की कामना करता हूँ।



#### आज खेले गए चार मैच

स्व.सुरजीत कौर स्मृति मानसून हॉकी लीग प्रतियोगिता के तहत आज चार मैच खेला गया, जिसमें पहला मैच हॉकी कवर्धा विरुद्ध हॉकी रायपुर के मध्य खेला गया। जिसमें हॉकी कवर्धा ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए 10-4 गोल से अपनी विजयी शुरुवात की। कवर्धा की ओर से शैलेन्द्र ने 6 गोल किये, वहीं अनिकेत, धनेस्वर, कोमल और ओम साहू ने 1-1 गोल किया था। आज का दूसरा मैच नागपुर विरुद्ध खेलो इंडिया सेंटर बिलासपुर के मध्य खेला गया। इस मुकाबले में बिलासपुर ने नागपुर को 18-4 गोल से पराजित करते हुए एक आसान जीत हासिल की। बिलासपुर की टीम ने शुरूवाती समय में ही गोल करना प्रारंभ कर दिया था, बिलासपुर की ओर से सोनू निषाद और संदीप ठाकुर ने 5-5 गोल, अश्विन कुजूर ने 3 गोल सुमित मिंज और ओम यादव ने 2-2 गोल और जीतू हेमला ने 1 गोल किया, वहीं नागपुर की ओर से आशु ने 3 गोल और बादल खाले ने 1 गोल किया था। आज का तीसरा मैच कैग रायपुर विरुद्ध हॉकी कुरूद के मध्य खेला गया। जिसमें कैग रायपुर ने कुरूद को 10-2 गोल से पराजित किया। कैग रायपुर ने अपने शानदार खेल का परिचय दिया, इस टीम में कई वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ी खेल रहे है कैग रायपुर की ओर से बोपन्ना के.सी. ने 4 गोल, आरोन सरोज, मनोज कुमार और विजय साहू ने 2-2 गोल किये। आज का चौथा व अंतिम मैच स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर विरुद्ध डीएचए दुर्ग के मध्य खेला गया, जिसमें स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी रायपुर ने दुर्ग को 9-2 गोल से पराजित कर एक आसान जीत हासिल की। स्पोर्ट्स हॉकी अकादमी की ओर से प्रहलाद तांडी 2 गोल मोहित कश्यप और मोहित नायक ने 3-3 गोल, अजय तांडी ने 1 गोल किया, वहीं हॉकी दुर्ग की ओर से रितिक यादव ने 2 गोल किया था। आज के मैच में किशोर धीवर, इंदरपाल सिंह, शकील अहमद, दिलीप रावत, कृष्णा यादव, तौफीक अहमद, सुखदेव निर्मलकर, खेमराज सिन्हा ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

आज के उद्घाटन कार्यक्रम में जिला हॉकी संघ के सचिव शिवनारायण धकेता, निलंचन्द जैन, सुश्री आशा थॉमस (कोषाध्यक्ष छत्तीसगढ़ हॉकी) भूषण सॉव, वरिष्ठ हॉकी कोच मृणाल चौबे अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी, छोटे लाल रामटेके (पार्षद), प्रिंस भाटिया, शिवा चौबे, गुणवंत पटेल, महेंद्र सिंह ठाकुर, भागवत यादव, अशोक देवांगन, अजय झा, योगेश द्विवेदी, मेहबूब भाई, दुर्गेश नगपुरे, जिम्मी साहू, आशीष सिन्हा, जहांगीर खान (सचिव हॉकी दुर्ग), रश्मि संध्या एक्का (वरिष्ठ हॉकी कोच रायपुर) प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

#### आज के मैच

पहला मैच दोपहर 1:30 बजे खेलो इंडिया राजनांदगांव विरुद्ध हॉकी कवर्धा। दूसरा मैच दोपहर 2:30 बजे वन विभाग राजनांदगांव विरुद्ध नागपुर। तीसरा मैच दोपहर 3:30 बजे डी. एच. ए. राजनांदगांव विरुद्ध डी.एच.ए. दुर्ग एवं चौथा मैच संध्या 4:30 बजे सीनियर मॉर्निंग ग्रुप विरुद्ध हॉकी कुरूद के मध्य खेला जाएगा।

## मोहल्ले में हो-हुडदंग करने वाले आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा, भेजा जेल



राजनांदगांव (दावा)। बसंतपुर पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के मुहल्ले में हो-हुड़दंग करने वाले आरोपियो को धर दबोचा है और उनके खिलाफ प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्यवाही की है। वहीं गिरफ्तार वारंटियों को न्यायालय के समक्ष पेश कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

बसंतपुर थाना प्रभारी एमन साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के मार्गदर्शन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के दिशा निर्देश पर असामाजिक तत्वों पर आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। इसी कडी में उनके नेतृत्व पर थाना क्षेत्रान्तर्गत परिशांत भंग कर मोहल्ले में हो-हुल्लड करने वाले संतोष मरकाम पिता स्व0 रामअवतार मरकाम उम्र 23 साल निवासी बसंतपुर के विरूद्ध धारा 170, 126,135(3) बीनएसएसएस के तहत् कार्यवाही किया गया तथा अभियान के तहत् गिरफ्तारी वारंटी भागवत नेताम उर्फ पण्डा पिता स्व0 शेरसिंह नेताम उम्र 19 साल निवासी ढीमरपारा तामेश्वर यादव पिता विजय यादव उम्र 22 साल निवासी बंगाली चाल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार वारंटी एवं अनावेदक को संबंधित न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से गिरफ्तारी वारंटी एवं अनावेदक का जेल वारंट प्राप्त होने उपरान्त उन्हें जिला जेल में दाखिल कर दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक श्री साहू सहित प्र.आर. किशोर यादव आरक्षक रूपेन्द्र साहू, राजेश्वर बंदेश्वर की सराहनीय भूमिका रही है।

## प्रशासन की अनदेखी से बदतर अवस्था को झेल रहा आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल - पिल्ले



राजनांदगांव (दावा)। शहर के विद्यार्थियों को अंग्रेजी मीडियम की अच्छी शिक्षा देने के लिए संचालित स्वामी आत्मानंद स्कूल इन दिनों अपनी बदतर अवस्था को झेल रहा है। विभिन्न समस्याओं को समेटे इस स्कूल के संबंध में बार-बार शिकायत मिलने पर नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले ने आत्मानंद स्कूल जाकर मौका मुआयना किया तो पाया कि यह स्कूल कम कुड़े-कचरे का ढेर ज्यादा लग रहा है। स्कूल में सफाई कर्मी नहीं होने से हर जगह कचरे का अंबार, स्कूल के दीवारों के जगह-जगह से प्लास्टर उखड़ा होना, बिजली के तार बेतरतीब ढ़ंग से फैले होना व कही-कहीं तो बिजली के तार खुले होने से यहां के विद्यार्थियों को करंट लगने का खतरा बना हुआ है। श्री पिल्ले ने कहा कि स्कूल में न तो चपरासी है और न स्वीपर है इसके कारण टायलेट की साफ सफाई नहीं हो पाती, बदबू मारते पड़ा है। लाइट नहीं होने से यहां अंधेरे का साम्राज्य है। स्कूल में साफ़-सफाई का अभाव जहां-तहां देखी जा रही है। श्री पिल्ले ने कहा कि दिक्कत की बात यह कि स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल होकर भी यहां इंग्लिश के टीचर नहीं है। विद्यार्थी बगैर इंग्लैंड टीचर के पढ़ाई कर रहे हैं और परीक्षा दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस के समय स्वामी आत्मानंद स्कूल का शिक्षा जगत में अच्छा क्रेज बना हुआ है। सभी पालक अपने बच्चों को स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ाने में गर्व महसूस करते थे, लेकिन भाजपा सरकार आते ही आत्मानंद स्कूल के क्रेज को मटियामेट कर दिया।

#### धूल खाते पड़ा हुआ है दानवीर राजाओं के तैलचित्र

श्री पिल्ले बताया कि हद तो तब हो गई जब शहर के बच्चों की अच्छी पढ़ाई के लिए अपने भवन को दान में देने वाले संस्कारधानी नगरी के दानवीर राजा महंत सर्वेश्वरदास व राजा दिग्विजय दास के तैलचित्र मे जाले पड़े हुए धूल खाते हुए डाल दिया गया है। श्री पिल्ले द्वारा स्कूल के प्राचार्य पंकज शुक्ला से आत्मानंद स्कूल की उपरोक्त समस्याओं के संबंध में पूछे जाने पर बताया कि इस संबंध में कलेक्टर, निगम आयुक्त शिक्षा विभाग सभी के ध्यान में लाया जा चुका है। इसके बाद भी इस इंग्लिश मीडियम स्कूल की कोई सुध नहीं ली जा रही है। बहर हाल बेहतर शिक्षा के लिए संचालित किया जा रहा है। शहर का यह इंग्लिश मीडियम वाला स्वामी आत्मानंद स्कूल देखरेख की अभाव में प्रशासन की लापरवाही की भेंट चढ़ गया है।

## छग राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद 22 को जिले के प्रवास

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष नेहरू राम निषाद 22 अगस्त 2025 को राजनांदगांव जिले के प्रवास पर रहेंगे। नेहरू राम निषाद 22 अगस्त को दोपहर 12 बजे नर्सिंग कॉलेज राजनांदगांव का निरीक्षण एवं पिछड़ा वर्ग हितार्थ विषय पर चर्चा करेंगे तथा दोपहर 3 बजे सर्किट हाऊस सभाकक्ष में पिछड़ा वर्ग जनप्रतिनिधियों से भेंट व चर्चा करेंगे। इस दौरान छत्तीसगढ़ राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकांति वर्मा उपस्थित रहेंगी।

## छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ की ममता द्विवेदी राजनांदगांव ब्लॉक अध्यक्ष बनी



राजनांदगांव (दावा)। छग शालेय शिक्षक संघ राजनांदगांव के ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर ममता द्विवेदी को ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उक्ताशय की जानकारी जिलाध्यक्ष विष्णु शर्मा ने विज्ञप्ति जारी कर बताया कि शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला कांकेतरा में पदस्थ शिक्षिका श्रीमती ममता द्विवेदी को संगठनात्मक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण जवाबदेही दिया गया है। इनके ब्लॉक अध्यक्ष बनने से संगठन में महिलाओं की भागीदारी बढ़ेगी। महिलाओं की समस्यों को संगठन तक पहुंचाने में कारगर साबित होगा। श्रीमती ममता द्विवेदी के ब्लॉक अध्यक्ष बनने पर जिला महामंत्री हरीश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष सुशील नारायण शर्मा, सुशील देवांगन, ब्लॉक अध्यक्ष डोंगरगांव शशांक साहू, ब्लॉक अध्यक्ष छुरिया चेतन दुबे, सुधीर शर्मा डोंगरगढ़, उमेश टंडन, रितेश दीक्षित, ललित महाजन, जिला महिला प्रमुख श्रीमती शशिकला कठोलिया, श्रीमती चित्ररेखा वैष्णव, वीरेंद्र वैष्णव, श्रीमती अंजू लॉउत्रे, श्रीमती स्वाति जैन, श्रीमती विनीता जेम्स, श्रीमती चांदनी कंवर, जय कुमार जांगड़े, श्रीमती ममता तिवारी, श्रीमती कल्पना रामटेके, पुनितराम साहू ने बधाई दी है व खुशी जाहिर की है।

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं आवेदक TIKENDRA KUMAR S/O MOTI LAL उम्र 25 वर्ष जाति कुम्हार निवासी ग्राम सरोली तह0 खडगांव जिला- मो0मा0अं0 चौकी छ0ग0का निवासी हूं। मेरे नाम से पूर्व में भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरे नाम के स्थान पर THAKENDRA KUMAR S/O MOTI LAL अंकित है। तथा उक्त नाम गलत है। परन्तु मेरे नाम से बना अंकसूची एवं अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर TIK-ENDRA KUMAR S/O MOTI LAL अंकित है उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को आधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा0 अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अत एवं ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान :- अं.चौकी
दिनांक :-19-08-2025

आवेदक
टिकेन्द्र कुमार
निवासी ग्राम सरोली
तह. खड़गांव जिला मो.मा.अं.चौकी

### ईश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मै आवेदक चन्द्रप्रकाश आ. धनश्याम उम्र 21 वर्ष जाति कंवर निवासी ग्राम मिरचे तह. अं.चौकी जिला मो.मा.अं.चौकी छ.ग. का निवासी हूं। मेरे नाम से पूर्व में भारत सरकार द्वारा आधार कार्ड जारी किया गया है जिसमें मेरे नाम के स्थान पर चाचा जी आ.धनश्याम अंकित है। तथा उक्त नाम गलत है। परन्तू मेरे नाम से बना अन्य कागजातों में नाम के स्थान पर चन्द्रप्रकाश आ. धनश्याम अंकित है उक्त नाम सही है। इसलिये उक्त नाम को आधार कार्ड में अंकित कराना चाहता हूं। इस ईश्तहार के संबंध में किसी भी शा. अर्द्धशासकीय संस्था व किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की दावा आपत्ति होगी तो सात दिवस के भीतर आपत्ति मय दस्तावेज के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत कर सकतें है। अत एवं ईश्तहार प्रस्तुत है जो जरूरत वक्त पर काम आवे।

स्थान :- अं.चौकी
दिनांक :-19-08-2025

आवेदक
चन्द्रप्रकाश
निवासी ग्राम मिरचे
तह.अं.चौकी जिला मो.मा.अं. चौकी

## दुर्घटना को आमंत्रित दें रहा महावीर चौक का जान लेवा गड्ढा

राजनांदगांव (दावा)। बारिश होने के कुछ दिन पहले शहर में करोड़ों खर्च के बाद बहुत सी सड़कों का डामरीकरण किया गया। कुछ दिन तक यह डामरीकृत सड़कें चमचमाती रही लेकिन एक बारिश में ही इसकी बखिया उधड़ गई। शहर के विभिन्न स्थानों में बनी सड़कों का घटिया निर्माण खुलकर सबके सामने आ गया। आलम यह है कि इन गड्ढों से भरे सड़कों में लोगों का गुजरना ही मुश्किल हो गया है।



नगर निगम कैंटिन के सामने का यह खतरनाक गड्ढा निगम अधिकारियों को मुंह चिढ़ा रहा

लोगों को पानी से भरे इन गड्ढों से दचके खाते हुए गुजरना पड़ रहा है वहीं रात के समय इन गड्ढों में गिर कर न केवल हादसे का शिकार हो रहे वाहन भी टूट-फूट का शिकार है जा रहा हैं, जिससे लोगों को शारीरिक परेशानी के साथ-साथ व आर्थिक परेशानी भी उठानी पड़ रही है।

#### महावीर चौक का जानलेवा गड्ढा

बता दें कि नगर निगम कार्यालय के ठीक सामने महावीर चौक में एक बड़ा सा खतरनाक गड्ढा उभर आया है। जिसमें बारिश का पानी भरा हुआ है। अनजाने लोग उक्त गड्ढे में गिरकर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। मौत को आमंत्रण दे रहा यह गड्ढा महावीर चौक से शहीद भगत सिंह चौक की ओर जाने वाले तिगड्डे में है जो काफी खतरनाक बना हुआ है। इस गड्ढे से जहां वाहन चालकों को दचके खाते हुए गुजरना पड़ता है। वहीं मवेशी भी इसमें गिर कर दुर्घटना के शिकार हो रहे हैं। दिक्कत की बात यह कि नगर निगम के तमाम अधिकारी इसी चौक से होकर आया-जाया करते हैं, लेकिन मजाल है कि इस डबरानुमा ख़तरनाक की ओर उनका ध्यान जाए। निगम के केंटिन के ठीक सामने उभर आए, इस खतरनाक गड्ढे में बीती रात बरसते पानी में एक सायकल वाला गिरकर दुर्घटना का शिकार हो गया, उसकी सायकल टूट-फूट गई। बता दें कि निगम के उक्त केंटिन के सामने नया बस स्टैंड से निकलने वाली परिवहन बस वही पर आकर रुकती है इससे बस के टायरों से दब के उक्त गड्ढा और भी गहरा होते जा रहा है। यदि उस गहराते जा रहे गड्ढे में कोई गिला तो निश्चित ही उसका काल-कवलित होना जरूरी है।

इस गड्ढे के समीप ही नाले का खुला हुआ मुंह भी लोगों को मौत का आमंत्रण दे रहा है। इसमे गिरकर कई मवेशी चोटिल हो चुके हैं इसके बाद भी इसे ढंकने के लिए कोई उपाय नहीं किया जा रहा। नगर निगम के ठीक सामने मौत को आमंत्रण दे रहे इन गड्ढों की ओर ध्यान नहीं दिया जाना निगम की लापर वाही को दर्शाता है।

#### शिक्षक नगर में गड्ढों का अंबार, परेशान हैं वार्ड वासी

स्टेशन पारा चिखली क्षेत्र के शिक्षक नगर में गड्ढों का अंबार बना हुआ है। जिसमें बारिश के पानी का जमावड़ा होने से लोग इन खतरनाक गड्ढो की कूद- फांद करते हुए लांघने को मजबूर हो रहे हैं। इस कवायद जरा सा भी बैलेंस बिगड़ने से लोग इन गड्ढों में गिर कर दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। महारानी स्कूल के समीप विश्राम गृह वाले रोड में नाला दो ओर से फूटा पड़ा है जिसमें से लोहे का नुकीला सरिया झांक रहा है। निगम के ठीक पीछे के नाले का गड्ढा आज तक भरा नहीं जा सकता। बेजुबान जानवर इसमें गिरकर चोटिल हो रहे हैं। शहर में इस तरह के गड्ढे और भी कई जगह देखने को मिलेंगे जो कि हादसों का कारण बन रहे हैं इसके बाद भी न तो इन खतरनाक गड्ढों को पाटे जाने की ओर वार्ड पार्षदों का ध्यान है और न नगर निगम अधिकारी ध्यान देना जरुरी समझ रहे हैं। लिहाजा इन जानलेवा गड्ढों में गिर कर अपने हाथ-पैर तुड़ाने व उनके वाहनों को क्षतिग्रस्त होने के लिए लोगों को उनके हाल पर छोड़ दिया गया है।

### शुभांक

अनुमानित

बी. के
2-3-0
399-1 770-4
राजधानी
1-5-8
240-6 239-4

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## कमला कॉलेज में व्यास पूजा, छात्राओं ने किया गुरुओं का सम्मान



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव में प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा के मार्गदर्शन में व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में छात्राओं द्वारा उपस्थित सभी प्राध्यापकों को तिलक फूल और श्रीफल के द्वारा सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान परिस्थिति में भी छात्राओं के समुचित विकास हेतु गुरू का सही मार्गदर्शन अत्यंत आवश्यक है। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में व्यास पूजा की जानकारी देते हुए बताया कि यह पर्व महर्षि वेद व्यास को समर्पित है, क्योंकि उन्होंने वेदों का संकलन किया इसलिए उन्हें आदिगुरू माना जाता है।

# आधुनिक भारत के सूत्रधार थे राजीव गांधी- कांग्रेस

**भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की जयंती पर हुआ विविध आयोजन**



राजनांदगांव (दावा)। 'देश नहीं बनता है मिट्टी, गिट्टी मकानों से, मां का मस्तक ऊंचा होता है ऐसे वीर जवानों से' 21वीं सदी के आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा, दूरसंचार, सूचना प्रौद्योगिकी को भारत की प्रगति का आधार मानने वाले एवं कम्प्यूटर क्रांति, पंचायती राज के जनक, भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी का बुधवार 20 अगस्त को 81वां जन्मदिवस पर उनके जीवन पर संगोष्ठी सभा कर विविध आयोजन पौधरोपण व रक्तदान कर मनाया गया।

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री स्व.राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि, स्व. राजीव गांधी ने देश के लिए जो कार्य किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता, चाहे वह दूरसंचार, सूचना क्रांति, शिक्षा के क्षेत्र में जो कार्य किया वह उल्लेखनीय है। यहां तक 18 वर्ष के युवाओं को मतदान का हक दिलाया है ताकि, देश के विकास में युवाओं का ज्यादा से ज्यादा योगदान हो, वहीं पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अहम योगदान दिया।

संभागीय प्रवक्ता कमलजीत सिंह पिन्टू ने स्व.राजीव गांधी को नमन करते हुए कहा कि आज जो नए भारत विकसित भारत दिख रहा है। उनके दूरगामी सोच का नतीजा है, किन्तु विपक्षी पार्टी उनके किए गए कार्यों को अपने नाम बताकर देश की जनता को भ्रमित किया जा रहा है। हमें जनता को बताना हो कि स्व.राजीव गांधी आधुनिक भारत के शिल्पकार थे, वे देश के लिए जिए और जान दी।

छ.ग. खादी एवं ग्रामोद्योग के पूर्व सदस्य श्रीकिशन खंडेलवाल ने स्व. राजीव गांधी को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि दूरगामी सोच के साथ-साथ युवाओं को आगे बढ़ाने और विकसित राष्ट्र के लिए प्रतिबद्ध थे राजीव गांधी, त्रिस्तरीय पंचायती राज के माध्यम से लोकतंत्र को मजबूती के लिए कई अहम फैसले लिए।

शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर सिंह छाबड़ा ने स्व. राजीव गांधी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि स्व. राजीव गांधी के समावेशी विकास की दूरदर्शितापूर्ण सोच के साथ त्रिस्तरीय पंचायती राज व्यवस्था, संचार क्रांति एवं युवाओं को मतदान का अधिकार जैसे निर्णयों से उन्होंने 21वीं सदी के भारत की नींव रखी। स्व. राजीव गांधी की सोच का नतीजा है कि आज संचार क्रांति के माध्यम से विश्व के किसी भी कोने से बात कर रहे, युवाओं को रोजगार की बात हो यह सब राजीव गांधी की देन है। जिस पार्टी (भाजपा) द्वारा उस समय संचार क्रांति का विरोध करते थे। आज भाजपा वोट चोरी कर देश की सत्ता हथियार बैठी है और देश की संवैधानिक संस्थाओं का दुरूपयोग कर विपक्ष को दबा रही है। देश सर्वोच्च सदन के विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा जब फर्जी मतदाता, वोट चोरी का सबूत देश के सामने रख रहे है तो उन्हें माफिनामा मांगने कहकर विपक्ष को बदनाम कर रहे है। संगोष्ठी सभा को वरिष्ठ कांग्रेसी रमेश डाकलिया, इकरामुद्दीन सोलंकी, कुतबुद्दीन सोलंकी, ननि नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर हेमा देशमुख, विवेक वासनिक, उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष आसिफ अली, दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष माया शर्मा, जयनारायण सिंह, मामराज अग्रवाल ने संबोधित किया।

# प्रांतीय पर्यविक्षक राजेश चटर्जी ने ली बैठक, आंदोलन की बनी रणनीति कल होगा आंदोलन

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का एक दिवसीय आंदोलन कल 22 अगस्त को



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन रायपुर के आह्वान पर प्रदेश के कर्मचारी एवं पेंशनरों को केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ता, डीए एरियर्स की राशि को जीपीएफ खाते में समायोजित करने, वेतन विसंगति सहित 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी द्वितीय चरण के तहत 22 अगस्त को सामूहिक अवकाश लेकर कलम बंद, काम बंद आंदोलन करने का निर्णय छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव ने भी लिया है। उक्त प्रांतव्यापी आंदोलन को सफल बनाने के लिए जिला स्तरीय समीक्षा बैठक पंचशील होटल, रेलवे स्टेशन के पास में संपन्न हुई। बैठक में प्रांत से पर्यवेक्षक के रूप में पधारे छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी, उपाध्यक्ष मनीष मिश्रा एवं चंद्रशेखर चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके आगमन पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन राजनांदगांव के जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे, जिला महासचिव पी.आर. झाड़े, जिला संरक्षक डॉ. के.एल. टांडेकर एवं अन्य साथियों द्वारा उनका जोशीला स्वागत किया गया। उक्त बैठक में फेडरेशन के प्रांतीय सचिव राजेश चटर्जी ने सभी कर्मचारीयों अधिकारियों को कल 22 अगस्त के आंदोलन के लिए कलम बंद, काम बंद करके मोदी की गारंटी पूरा करने प्रदेश सरकार से अविलंब 11 सूत्रीय मांगों को पूरा करने के लिए आवश्यक तैयारी के निर्देश दिए। उन्होंने आगे कहा कि हम सभी पदाधिकारीयों की जिम्मेदारी है कि कल 22 अगस्त के आंदोलन को एक जुटता के साथ सफल बनाएं। सहायक शिक्षक फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष मनीष मिश्रा ने कहा कि शासन के हठ धर्मिता के कारण हमारी जायज मांगों को उन्होंने अपने घोषणा पत्र में 100 दिन के अंदर पूरा करने की बात की थी। आज 2 वर्ष से वह लंबित है। उक्त मांगों को प्राप्त करने के लिए फेडरेशन को आंदोलन करना पड़ रहा है। चंद्रशेखर चंद्राकर ने कहा कि शासन के अड़ियल रवैये के कारण ही हमें आंदोलन का रूप करना पड़ रहा है। जिला संयोजक सतीश ब्यौहरे ने कहा कि हम सबने अपनी लंबित समस्याओं को लड़कर ही जीता है, इस बार भी हम आंदोलन के माध्यम से जीत हासिल करेंगे। जिला संरक्षक डॉ. के.एल. टांडेकर ने सभी साथियों से संगठन के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात कही। जाकेश साहू ने सभी पदाधिकारियों से कल 22 अगस्त के आंदोलन को सफल बनाने का आह्वान किया। आभार प्रदर्शन जिला महासचिव पी.आर. झाड़े ने किया।

बैठक में मुख्य रूप से सतीश ब्यौहरे, पी.आर.झाड़े, डॉ. के.एल. टांडेकर, भीषम ठाकुर, वीरेंद्र रंगारी, अरुण देवांगन, महेश्वर प्रसाद साहू, परदेसी राम साहू, कृतलाल साहू, राजेश साहू, केदार शांडिल्य, राजेश साहू, सुदेश रामटेके, योगेश चौरे, उपेंद्र रामटेक, अंबरीश प्रजापति, डैनी वर्मा, सुदेश कुमार टेम्भुरकर, दीपक कुमार वैष्णव, हरिश्चंद्र यादव, जाकेश साहू, विनोद टांडेकर, यशवंत नेताम, भेलसिंह वर्मा, यशवंत सिन्हा, जी.आर. देवांगन, डुमन साहू, उत्तम डड़सेना, राजेश गायकवाड़, प्रशांत सुखदेवे के अलावा बड़ी संख्या में कर्मचारी अधिकारी उपस्थित रहे।

# डीजल बताकर बेस ऑयल बेचा, 64 करोड़ का लेनदेन, मालिक पर केस दर्ज

राजनांदगांव(दावा)। डीजल के नाम पर बेस ऑयल बेचने वाले फेन्नी इंटरप्राइजेस के मालिक गुजरात निवासी लालू भाई भुवानी के खिलाफ चिचोला पुलिस ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है। बता दें कि 24 जुलाई को जीएसटी के अधिकारियों ने चिचोचा स्थित फेन्नी इंटरप्राइजेस नाम की फर्म में छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान करीब 64 करोड़ का लेनदेन सामने आया था।

फर्म गुजरात से बेस ऑयल मंगाकर ट्रक चालकों को डीजल बताकर बेचता था। पेट्रॉलियम कंपनी का डीजल 95 रुपये प्रति लीटर है। जबकि फर्म 70 रुपये प्रति लीटर में बेच रहा था। बेस आयल पर स्टेट जीएसटी नौ प्रतिशत लगता है। जबकि डीजल पर 23 प्रतिशत वैट लगता है।

### सरकार को हो रहा था नुकसान

इस तरह सरकार को राजस्व नुकसान हो रहा था। चिचोला थाना प्रभारी कृष्णा पटले ने बताया कि सहायक आयुक्त कविता ठाकुर की रिपोर्ट पर फर्म के मालिक लालू भाई भुवानी के खिलाफ धारा 318, दो के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। मामले की विवेचना जारी है।

# युवा कांग्रेसी ने पूर्व प्रधानमंत्री एवं भारत रत्न राजीव गांधी की जयंती में रक्त दान किया-गुरभेज सिंह माखीजा



राजनांदगांव (दावा)। युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा के नेतृत्व में देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की जयंती पर रक्त दान देकर मनाया गया। युवा शहर कांग्रेस अध्यक्ष गुरभेज सिंह माखीजा ने बताया कि हमारे प्रेरण स्त्रोत पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न राजीव गांधी की 81 जयंती मनाई गई। राजीव गांधी के द्वारा किए गए देश हित में कार्य आज भी मील का पत्थर है। संचार क्रान्ति भी राजीव गांधी की देन है। इनके जयंती के अवसर पर आज युवा साथियों ने रक्त दान किया गया। इस अवसर पर शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष कुलबीर छाबड़ा, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, मदन साहू, मामराज अग्रवाल, अमित चंद्रवंशी, बबलू कसार, राजा त्रिपाठी, युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव मानव देशमुख, युवा कांग्रेस जिला शहर महासचिव आफताब अहमद, राहुल गजभिये, रणवीर कंग, पवन राजपूत, अभिषेक सोनकर, शुभम प्रजापति, युवराज पिल्ले, तौफीक खान, यश कुमार, अमित भीमकार, गौरव साहू, रोशन सोनकर एवं अन्य मौजूद रहे।

# सिर दर्द, माइग्रेन, कमर दर्द, मिर्गी, लकवा, साइटिका तथा अन्य गंभीर रोगों के विशेषज्ञ राजनांदगाव में

राजनांदगांव (दावा)। मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे, नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे। जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर्, पैरालाइसिस, दिमाग मे खून जमना, नस फटना, दिमाग मे चोट, पैरों मे जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी मे चोट, घुटनों मे दर्द, सर्वाइकल या गर्दन मे दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपरस्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी, मूत्र, कान नाक गला, निसंतानता एवं कॉस्मेटिक गायनेकोलॉजिस्ट तथा चर्म रोग विशेषज्ञ समय समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

# झूम तराना महोत्सव, रायपुर में एनबीआईएस प्रथम



राजनांदगांव (दावा)। नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल बोरी के बच्चों ने लिटिल जिनियस अकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित झूम तराना महोत्सव में भाग लेकर समूह गीत एवं नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त किया। राष्ट्रीय स्तर की यह प्रतियोगिता रायपुर स्थित पं दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में रखीं गई थी। राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतियोगिता में शाला के बच्चों ने सामूहिक नृत्य एवं गीत दोनों विद्या में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया है। शाला परिवार के लिए यह अत्यंत हर्ष का विषय है। शाला के डायरेक्टर नीरज बाजपेयी द्वारा प्रतिभागी सभी बच्चों के साथ ही मार्गदर्शन करने वाले शिक्षकों को बधाई देते हुए आगामी प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दी। इस प्रतियोगिता में सामूहिक गायन में शाला के दिव्यांश अग्रवाल, कनिष्का साहू, अनन्या कुशवाहा, दुलिशा परमार, रिद्धि जैन, मनन पंजवानी, कौस्तुभ क्षीरसागर, युग शर्मा व छ्यांक चौधरी ने हिस्सा लिया। इसी तरह सामूहिक नृत्य में आनंदी अवस्थी, आस्था जैन, कर्मन कौर भाटिया, पावनी मिश्रा, साक्षी साहू, वृद्धि शर्मा, हिमांशी वैष्णव, वेदांत मारु व प्रणय शर्मा ने सहभागिता निभाई। सभी बच्चों को मेडल व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। साथ ही प्रतियोगिता में शाला के संगीत शिक्षकों को गुरु सम्मान से सम्मानित किया गया। नृत्य का मार्गदर्शन शिक्षिका हेतल पित्रोड़ा, तरुण रामटेके व रेणुका गुप्ता द्वारा किया गया। वहीं समूह गायन में शिक्षक हेमंत हिरवानी, हेमंत साहू व श्रिया मार्जिवे द्वारा मार्गदर्शन किया गया। शाला के डायरेक्टर श्रीमती सोनल बाजपेयी, प्राचार्या श्रीमती एकता गांधी, एडमिन नितिन चौहान, शिक्षक व कार्यालय कर्मचारियों ने सभी बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# प्राधिकरण के निर्माणाधीन विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समय- सीमा में पूर्ण करें - कलेक्टर



राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण, मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण तथा छत्तीसगढ़ राज्य एवं ग्रामीण विकास प्राधिकरण के तहत चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में प्राधिकरण के तहत चल रहे निर्माणाधीन विकास कार्यों को गुणवत्तायुक्त समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण के तहत स्वीकृत कोई भी कार्य अप्रारंभ नहीं होना चाहिए। उन्होंने सभी जनपद पंचायतों के सीईओ और नगरीय निकायों के सीएमओ को निर्माणाधीन कार्यों की लगातार मॉनिटरिंग करने कहा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह, अपर कलेक्टर सीएल मारकण्डेय, अपर कलेक्टर प्रेमप्रकाश शर्मा, एसडीएम डोंगरगढ़ एम.भार्गव, एसडीएम राजनांदगांव खेमलाल वर्मा, एसडीएम डोंगरगांव श्रीकांत कोर्राम, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सुश्री दीक्षा गुप्ता, जिले के सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# जैन संत के अपमान से नाराज विहिप एवं बजरंग दल ने प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा



**आचार्य विद्यासागर महाराज के अपमान पर विहिप, बजरंग दल ने दी चेतावनी**

डोंगरगढ़(दावा)। विश्व प्रसिद्ध धर्मनगरी डोंगरगढ़, जैनाचार्य विद्यासागर महाराज की कर्मभूमि है। जहां महाराज श्री जी ने ज्ञान का उपदेश देते हुए इसी भूमि पर संलेखना द्वारा समाधिस्थ हुए। विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकारी जिलाध्यक्ष तरुण हथेल ने कहा कि आचार्य श्री सभी धर्मों के लोग में निष्ठा का भाव रखते थे तथा सभी जीवों पर करुणा भाव रखते थे।

संत किसी जाति के नहीं होते बल्कि सभी जीवों के कल्याण की कामना करते हैं। आचार्य श्री ने डोंगरगढ़ में अपनी देह त्याग कर इस धरा को विश्व पटल पर अमिट कर गए। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केंदीय गृहमंत्री अमित शाह भी आचार्यश्री के दर्शन हेतु डोंगरगढ़ पधारे थे।

विहिय के जिलाध्यक्ष तरुण हथेल ने कहा कि ऐसे राष्ट्र संत के विरुद्ध एक व्यक्ति, संतोष जैन (पटना वाले) सागर द्वारा अभद्र टिप्पणी, एवं घटिया दर्जे की भाषा का उपयोग कर उनका अपमान करना अपराधी प्रवृत्ति का द्योतक है। अतः विहिप एवं बजरंग दल प्रशासन से अनुरोध करता है कि एक राष्ट्र संत के विरुद्ध अनर्गल वक्तव्य देने वाले संतोष जैन के खिलाफ कार्यवाही करते हुए इसे जेल भेजा जाना उचित होगा। अन्यथा विहिप एवं बजरंग दल आंदोलन करने पर बाध्य होगा।उक्त चेतावनी जिलाध्यक्ष तरुण हथेल, अधिवक्ता जवाहरलाल, कृष्ण महोबिया, राजेश गजभिये, भागचंद जांगड़े, अनिल करोडी, हर्षपाल सिंह, चंडिका सिंह, राम विलाष सिंह एव अन्य उपस्थित सदस्यों ने दी।

# सर्वदानों में सबसे बड़ा दान है किसी को अभय दान देना-मुनि वीरभद्र



**किसी की मदद करते हो तो उसे अपनी दया का आश्रित मत बनाओ, बल्कि उसे सक्षम बनाओ**

राजनांदगांव (दावा)। विनय कुशल मुनि के सुशिष्य एवं 171 दिन तक उपवास का रिकॉर्ड बनाने वाले जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने आज यहां कहा कि जीव एक शरीर को टिकाये रखने के लिए अनंत जीवों की हिंसा करता है। ऐसे शरीर का क्या काम जिसके लिए अनंत जीव की हिंसा करनी पड़ती हो। जीवन में जितने ज्यादा से ज्यादा जीवों की रक्षा कर सकते हो, रक्षा करो। उन्होंने कहा कि सर्वदानों में सबसे बड़ा दान है किसी को अभय दान देना। जैन बगीचे में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन में जैन मुनि वीरभद्र (विराग) ने कहा कि पर्युषण के दौरान कम से कम 8 दिनों तक मोबाइल, टीवी का त्याग करो। उन्होंने कहा कि जहां आसक्ति है, वहीं उत्पत्ति है। जहां राग है वहां हमें जन्म लेना पड़ता है, इसलिए कम से कम पर्युषण के इन आठ दिनों में तो राग द्वेष का त्याग करो। मुनि श्री ने कहा कि हर एक सक्षम व्यक्ति एक गरीब परिवार को गोद ले ले तो कोई गरीब नहीं रहेगा। आज का समय उल्टा है लोग गरीब की मदद करना छोड़ उसका उपहास उड़ाते हैं। उन्होंने कहा कि किसी की मदद करते हो तो उसे इसका एहसास मत दिलाओ।

मुनि वीरभद्र (विराग) ने आगे फरमाया कि किसी की मदद करते हो तो उसे अपनी दया का आश्रित मत बनाओ, बल्कि उसे इतना सक्षम बनाओ कि वह किसी अन्य की मदद कर सके। मुनि श्री ने कहा कि जो मां-बाप का नहीं हो सकता, वह किसी का भी नहीं हो सकता। इस दुनिया में उससे ज्यादा बदनसीब कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि अभी समय है-क्षमापना पर्व के दौरान मां बाप के चरणों में गिरकर माफी मांग लो। मां बाप का हृदय सरल होता है, वे आपको माफ कर देंगे। मुनि श्री ने कहा कि हम किस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। उस पर विचार करके हम अपने भविष्य का निर्माण करें। हम ऐसा काम करें जो इतिहास बन जाए। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में विमल हाजरा ने दी।

# खेती छोड़ रहे हैं युवा, भविष्य में बढ़ सकती है भुखमरी की चुनौती- अशोक चौधरी



राजनांदगांव (दावा)। भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने अंतर्राष्ट्रीय शोध के हवाले से चेतावनी दी है कि आने वाले वर्षों में खेती करना दुष्कर हो जाएगा। उनका कहना है कि आज खेती मुख्यतः बुजुर्गों के कंधों पर टिकी है, जबकि युवा वर्ग कृषि की ओर आकर्षित नहीं हो रहा। यदि समय रहते किसानों को लाभकारी मूल्य और विशेष सुविधाएं नहीं मिलीं, तो भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश को फिर से भुखमरी का सामना करना पड़ सकता है।

भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत बुजुर्ग लोग ही खेती कर रहे हैं, जबकि युवाओं में कृषि के प्रति रुझान बेहद कम है। शोध के अनुसार केवल 32 प्रतिशत युवा खेती करने की इच्छा रखते हैं। भारत जैसे कृषि प्रधान देश में भी महज 42 प्रतिशत युवाओं का ही झुकाव खेती की ओर है, जो आने वाले समय के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि गांव और कस्बों में खेती योग्य जमीन लगातार घट रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत नई-नई कॉलोनियां बन रही हैं। परिवार विघटन और शहरीकरण के कारण लोग अपने खेतों में भी मकान बनाने लगे हैं। कवि आत्माराम कोशा 'अमात्य' की काव्य पंक्तियों का हवाला देते हुए चौधरी ने कहा 'कलप-कलप के गेहूं रोवे, फफक-फफक के धान, खेत में अब अन्न नहीं उपजे, उपजत हुवे मकान।

श्री चौधरी ने याद दिलाया कि भारत 1965 तक भुखमरी का शिकार था और अमेरिका से लाल गेहूं मंगवाकर पेट भरना पड़ा था। लेकिन लाल बहादुर शास्त्री की हरित क्रांति और इंदिरा गांधी की दुग्ध क्रांति ने भारत को अन्न व दुग्ध उत्पादन में आत्मनिर्भर और सरप्लस बना दिया। आज भारत न सिर्फ खुद के लिए पर्याप्त अन्न पैदा करता है, बल्कि कई देशों को निर्यात भी करता है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में जिस तरह धान को रूपये 3100 प्रति क्विंटल खरीदा जा रहा है, उसी तरह अन्य राज्यों में भी मुख्य फसलों को लाभकारी मूल्य पर खरीदने की व्यवस्था होनी चाहिए। मध्य प्रदेश में गेहूं लाभकारी फसल बन चुका है, ऐसे ही हर राज्य को अपनी प्रमुख फसलों के लिए किसानों को विशेष प्रोत्साहन देना होगा। चौधरी ने कहा कि 1970 तक धान और सोना के दामों में अधिक अंतर नहीं था। उस समय दो क्विंटल धान बेचकर एक तोला सोना खरीदा जा सकता था, जबकि आज सोना 1 लाख रुपये से ऊपर पहुंच चुका है, पर किसानों की आय उसी अनुपात में नहीं बढ़ी। उन्होंने तुलना करते हुए कहा कि 1970 में शिक्षक की तनख्वाह रूपये 100 थी, जो अब बढ़कर रूपये 60,000 हो गई है, जबकि किसानों को उनकी उपज का लाभकारी मूल्य नहीं मिल रहा। उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की कि जिस तरह कर्मचारियों को समय-समय पर वेतन आयोग का लाभ मिलता है, उसी तरह किसानों को भी अतिरिक्त लाभकारी मूल्य देने की नीति बने। अन्यथा आने वाले वर्षों में भुखमरी की स्थिति भयावह रूप ले सकती है। अंत में भाजपा किसान नेता अशोक चौधरी ने कहा कि याद रहे अनाज से ही भूख मिटेगी। कंप्यूटर या मशीन से धन कमाया जा सकता है, लेकिन भूख नहीं मिटाई जा सकती। इसलिए किसानों को तवज्जों देना ही पड़ेगा।

# लायंस टॉपटेन प्रतिभा सम्मान के साथ शिक्षक सम्मान की भी हुई शुरुआत



राजनांदगांव (दावा)। लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा प्रतिवर्ष प्रतिभा सम्मान समारोह 'लायंस टॉपटेन' आयोजित किया जाता है और इस वर्ष नयी परम्परा की शुरुआत की गई। जिसमें लायंस शिक्षक सम्मान की शुरुवात की गयी। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी समाजसेवी लायन सुनील बरडिया द्वारा प्रायोजित यह कार्यक्रम मातुश्री स्व. संतोष बाई बरडिया स्मृति में एवं स्व.विजय पांडे (पूर्व महापौर) की स्मृति में शिक्षक सम्मान की घोषणा स्व.विजय पाण्डे (पूर्व महापौर) की बड़ी बहन लायन शारदा तिवारी द्वारा बाल भारती स्कूल में शुरुवात की गयी और कार्यक्रम संपन्न हुआ। लायंस क्लब के अध्यक्ष अमित खंडेलवाल ने कहा कि सेवा की राह में 2025-26 कदम आगे बढ़ाते हुए लायस क्लब राजनांदगांव सिटी द्वारा कार्यक्रम समापन हुआ। जिसमें हम सभी के लिये यह अंत्यत गर्व और आनंद का विषय है कि लांयस टॉप-टेब कायक्रमों ने न सिर्फ छात्रों के ज्ञान ओर समझ की बढ़ाया, बल्कि उनमे सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना भी जागृत की है। इस आयोजन में बाल भारती के बालक एवं बालिका वर्ग कक्षा 10वीं एवं 12वीं टॉप टेन में आए प्रतिभावान बच्चों को शील्ड, मैडल और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया एवं शिक्षक श्रीमति पार्वती शर्मा, लता वखेड़े, तारा देशमुख, पायल गुप्ता, प्रीति सराफ को सम्मानित किया गया।

इस बार पुलिस सुरक्षा से कौशल्या साहू, रीनू मेश्राम, अमित जटवार आरछक के साथ आयोजन के माध्यम से बच्चों को मोबाइल फोन से होने वाले अपराधों के बारे में जागरूक किया गया। अपने आप को सुरक्षित रखने का डेमो दिया गया ताकि किसी भी प्रकार की घटना से बचने का और बौद्धिक विकास और शिक्षा के प्रति लगाव के लिए किया गया ताकि, सभी बच्चे टॉप टेन बच्चों को देख अपने अंदर की प्रतिभाओं को निखारे और अपने जीवन में सफलता की ओर आगे बढ़े। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि को बाल भारती स्कूल की प्रिंसिपल श्रद्धा पांडे रेड्डी एवं रितिका पांडे के द्वारा स्वागत कर महिला पुलिस गीतांजलि सिन्हा द्वारा सभी टापर्स बच्चों को बधाई शुभकामनाएं प्रेषित किए।

इस अवसर पर मुख्य रूप से रीजन चेयर पर्सन एमजेएफ लायन राजकुमार शर्मा, जोन चेयर पर्सन लायन शारदा तिवारी, लायंस क्लब राजनांदगांव सिटी के अध्यक्ष लायन अमित खण्डेलवाल, टॉपटेन संस्थापक लायन सुनील बरड़िया, कोषाध्यक्ष लायन सुरेश शर्मा, टॉपटेन चेयरमेन लायन मनोज गुप्ता, लायन टीना शुभम् खण्डेलवाल लायन चंद्रिका प्रसाद सिन्हा लायन, मुकेश शर्मा सहित लायंस क्लब के सदस्य उपस्थित रहे। बाल भारती स्कूल की प्राचार्या, स्कूल शिक्षकगण एवं पालकगण जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

आवश्यकता है
प्रेस में रात्रिकालीन चौकीदार एवं हेल्पर की आवश्यकता है। अनुभवी व्यक्ति ही संपर्क करें।
-: संपर्क :-
दैनिक दावा कार्यालय
बल्देव बाग, राजनांदगांव
मो.- 93004-14726

## अनमोल दावा

> “ जीवन में संघर्ष और कठिनाइयों के बाद ही अच्छे दिन आते हैं।

# भ्रष्टाचार रुकेगा तो बढ़ेगा भारत, भ्रष्ट तत्वों पर सख्ती से लगानी होगी लगाम

प्रधानमंत्री ने लाल किले की प्राचीर से 103 मिनट के अपने लंबे संबोधन में देश-दुनिया का ध्यान खींचने वाली जो महत्वपूर्ण घोषणाएं कीं, उन पर अब तक चर्चा हो रही है। इसलिए हो रही है, क्योंकि कुछ घोषणाएं देश का कायाकल्प करने वाली हैं। जीएसटी में व्यापक बदलाव समेत नए दौर के आर्थिक सुधार लाने, रोजगार की नई योजना शुरू करने, डेमोग्राफी मिशन की तैयारी से लेकर रक्षा से जुड़ी सुदर्शन चक्र और ऊर्जा सुरक्षा संबंधी समुद्र मंथन जैसी योजनाओं की घोषणाएं ऐसी हैं कि यदि उन पर आधा भी अमल हो सके तो देश का भाग्योदय हो सकता है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जब से कार्यभार संभाला है, तब से ही अर्थात 2014 से लाल किले से दिए गए उनके भाषणों की कुछ बातों का उल्लेख रह-रह कर होता है। ऐसी कुछ घोषणाओं ने तो प्रभावी योजनाओं का रूप भी लिया, जैसे स्वच्छ भारत अभियान, शौचालय निर्माण, आयुष्मान भारत योजना, कृषि सम्मान निधि आदि। प्रधानमंत्री भ्रष्टाचार के खिलाफ भी कुछ न कुछ कहते रहे हैं। 2024 में उन्होंने दो टूक कहा था,च्भ्रष्टाचार के खिलाफ मेरी लड़ाई ईमानदारी के साथ जारी रहेगी और भ्रष्टाचारियों पर कार्रवाई जरूर होगी। मैं उनके लिए भय का वातावरण पैदा करना चाहता हूं। देश के सामान्य नागरिकों को लूटने की जो परंपरा बनी है, उसे मुझे रोकना है।ज

इसके अलावा वे पीएम बनने के पहले यह भी कह चुके हैं कि न खाऊंगा और न खाने दूंगा। क्या यह कहा जा सकता है कि भ्रष्ट तत्वों के लिए भय के वातावरण का निर्माण हो सका है? इसका सीधा जवाब है-नहीं। केवल यह कहना ही सही नहीं कि सरकारी क्षेत्र में जहां किसी तरह का निर्माण, वहां भ्रष्टाचार। सच यह भी है कि जहां भी किसी तरह का सरकारी दखल, वहां पैसे लेने-देने का चलन। यदि सरकारी तंत्र को कोई अनुमति-स्वीकृति देनी है या किसी तरह का प्रमाणन या नवीनीकरण करना है तो वह बिना जेब ढीली किए होना मुश्किल है।

कई बार लोगों के जायज काम भी कुछ दिए बिना नहीं होते और सब जानते हैं कि नाजायज काम होते रहते हैं। सरकारी तंत्र में व्याप्त भ्रष्टाचार बढ़ते-बढ़ते इतना व्यापक हो गया है कि वह निजी क्षेत्र में भी घुस गया है। सरकारी क्षेत्र में मलाईदार पदों पर नियुक्तियों, कोई काम या ठेका देने अथवा खरीद में जैसा भ्रष्टाचार है, वैसा ही कुछ-कुछ निजी क्षेत्र में भी है। कमीशनबाजी हर कहीं है। यह है तो दलाली और घूसखोरी ही, पर अब उसे सुविधा शुल्क भी कहते हैं। इसके आधार पर ऐसे निष्कर्ष पर भी नहीं पहुंचा जाए कि देश गड्ढे में जा रहा है अथवा सबके सब सरकारी अधिकारी-और कर्मचारी भ्रष्ट हैं। ऐसा नहीं है।

भारत विरोधाभासों का देश है। अपने यहां कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी-कर्मचारी भी हैं और वे अपना काम सही तरीके से भी करते हैं। कुछ तो फोन पर भी जनता की शिकायत सुनकर उसका समाधान कर देते हैं, पर यह कहना बहुत कठिन है नौकरशाही में उनकी ही अधिकता है। ऐसा होता तो आज परिदृश्य कुछ और होता। इसके बाद भी यह सही से काम करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों की ही कर्तव्यनिष्ठा का नतीजा है कि कुछ सरकारी विभागों का कामकाज सुधरा और सुगम हुआ है। इसका लाभ भी मिला है। यदि उदाहरण देना हो तो पासपोर्ट कार्यालय, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) आदि का दिया जा सकता है। राज्य सरकारों के भी कुछ विभागों के कामकाज में सुधार के साथ पारदर्शिता बढ़ी है। यदि कहीं-कहीं सरकारी काम में लगने वाला समय कम हुआ है, कुछ सरकारी दफ्तरों में कतारें कम या खत्म हुई हैं और समय के साथ औसत लोगों की आय बढ़ी है एवं देश पांचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है तो इसका मतलब है कि कुछ अच्छा हुआ है और हो रहा है, लेकिन क्या हम विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में सही गति और दिशा में बढ़ रहे हैं?

हम विकसित देश के लक्ष्य को पाने की सही गति और दिशा पकड़ सकें, इसके लिए अभी बहुत कुछ करना है-केंद्र सरकार को भी, राज्य सरकारों को भी और सबसे बड़ी बात उनकी नौकरशाही को भी। भ्रष्ट नेताओं और नौकरशाहों के गठजोड़ को प्राथमिकता के आधार पर खत्म करना होगा। यह गठजोड़ स्थानीय निकायों के स्तर पर ही शुरू हो जाता है। यदि सरकारी वेतन बढ़ रहे हैं तो सरकारी तंत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती भी बढ़ानी होगी। भ्रष्ट तत्वों के मन में सचमुच दंडित होने का भय होना चाहिए, भले ही वे कितने ही उच्च पद पर हों। भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्ती दिखाने की बातें तो होती रहती हैं, लेकिन नतीजा वैसा नहीं, जैसा दिखना चाहिए।

अपने देश में भ्रष्ट सरकारी अफसरों-कर्मियों को दंडित करना अब भी कठिन है। शीर्ष स्तर के भ्रष्ट अफसरों को तो दंड देना कुछ ज्यादा ही कठिन है। कई बार नेताओं से भी अधिक। यह ठीक है कि उन्हें एक हद तक संरक्षण मिलना चाहिए, ताकि वे बिना किसी भय और दबाव के फैसले ले सकें, लेकिन इस कवच के दायरे में भ्रष्ट तत्व क्यों आने चाहिए?

निःसंदेह कोई भी देश और यहां तक कि लाखों की आबादी वाले देश भी भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त नहीं, लेकिन वे भ्रष्ट तौर-तरीकों पर प्रभावी रोक लगा सकते हैं। सबसे अधिक आबादी वाला भारत भी ऐसा कर सकता है। जब भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी, तभी भारत तेजी से आगे बढ़ेगा और विकसित देश के सपने को साकार करेगा।

# त्रासदी जलवायु परिवर्तन या पारिस्थितिकी से खिलवाड़

अजीत द्विवेदी



उत्तराखंड के उत्तरकाशी में धराली गांव के बह जाने की घटना का वीडिया भयावह है। पूरा देश उस वीडियो को देख रहा है और चिंतित हो रहा है कि आखिर यह सब क्या हो रहा है! जिनको जलवायु परिवर्तन या पारिस्थितिकी से खिलवाड़ के बारे में बहुत ज्यादा जानकारी नहीं है वे भी कह रहे हैं कि अब कुछ करना होगा। हालांकि यह तात्कालिक प्रतिक्रिया है श्मशान वैराग्य की तरह। क्योंकि अगर सरकारों और नागरिक समाज को चेत जाना होता तो 2013 का केदारनाथ हादसा उसके लिए बहुत था। उसके बाद तो पहाड़ों पर खास कर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू कश्मीर में सब कुछ रोक कर प्रकृति के साथ की गई ज्यादतियों को ठीक करने की मुहिम शुरू हो गई होती।

आखिर उस पैमाने की त्रासदी तो पहाड़ों में कभी देखी नहीं गई थी। यह जरूर है कि 1952 में भयानक बारिश के बाद उत्तराखंड का एक पूरा कस्बा तबाह हो गया था लेकिन 2013 के केदरानाथ हादसे में जितने लोग मरे उतने तब भी नहीं मरे थे। केदारनाथ हादसे में आधिकारिक रूप से छह हजार से ज्यादा लोगों की मौत हुई और करीब चार हजार लोग अब भी लापता हैं। लेकिन हम लोगों ने उससे भी कोई सबक नहीं लिया। थोड़े दिन के शोक और गुस्से के बाद सब कुछ पहले की तरह चलता रहा।

अब उत्तरकाशी में खीरगंगा नदी के ऊपर बादल फटा या हैंगिंग ग्लेशियर टूट कर गिर गया, जिससे अचानक आई बाढ़ के पानी के साथ आए मलबे में पूरा धराली कस्बा बह गया तो फिर चौतरफा चर्चा शुरू हो गई है और हर व्यक्ति कहने लगा है कि प्रकृति से खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। लेकिन सवाल है कि क्या अब खिलवाड़ रूक जाएगा? क्या पहाड़ों में पनबिजली की परियोजनाएं नहीं बनेंगी? क्या नदियों का रास्ता मोड़ उनके प्राकृतिक प्रवाह को बाधित नहीं किया जाएगा? क्या पहाड़ों पर बड़े बड़ बांध नहीं बनाए जाएंगे? क्या पहाड़ों पर टूरिस्ट स्पॉट नहीं विकसित होंगे और नए रिसॉर्ट नहीं बनेंगे? क्या पहाड़ों में विकास की गतिविधियों के नाम पर अनाप-शनाप पेड़ों की कटाई बंद हो जाएगी? क्या अंधाधुंध खनन बंद हो जाएगा?

लिख कर रख लें, इसमें से कुछ नहीं होगा। धराली की घटना के बाद भी सब कुछ पहले की तरह चलता रहेगा। थोड़े दिन का पॉज होगा और उसके बाद फिर वही किस्सा। चाहे जोशीमठ में मकानों में दरार आ जाए या कहीं सुरंग धंस जाए, कहीं बादल फटे, कहीं भूस्खलन हो या कहीं बाढ़ आ जाए उससे नदियों, पहाड़ों, जंगलों का अंधाधुंध शोषण करने वालों पर कोई फर्क नहीं पड़ता है।

सबको पता है कि अचानक पहाड़ों पर इतने बादल क्यों फटने लगे हैं और सबको यह भी पता है कि इतना भूस्खलन क्यों हो रहा है। लेकिन सबने आंखें मूंद रखी हैं। जिनकी जिम्मेदारी इसको ठीक करने की है वे अंधाधुंध निर्माण, जंगलों की कटाई, उत्खनन, बांध आदि को विकास बता कर अपनी पीठ ठोक रहे हैं। उत्तराखंड या हिमाचल प्रदेश में पहाड़ पर बादल फटने और फ्लैश फ्लड यानी अचानक बाढ़ आने के कई कारणों में से एक कारण यह भी है कि मानसून का सीजन लगातार सिमटता जा रहा है। पहले चार महीने का मानसून सीजन होता था लेकिन अब यह महज दो महीने का रह गया है। एकाध अपवाद छोड़ दें तो मानसून दो महीने में समाप्त हो रहा है। जितनी बारिश होनी है इन दो महीनों में होती है।

सरकार तो इस आंकड़े पर आंख मूंद कर यकीन करती है कि सामान्य बारिश हुई या सामान्य से थोड़ी कम या ज्यादा बारिश हुई। लेकिन सामान्य बारिश यानी सौ फीसदी बारिश अगर दो ही महीने में हो रही है तो उसका नुकसान तो होगा। इसका कारण जलवायु परिवर्तन है। बारिश और सर्दियों का सीजन चार महीने में खत्म हो जा रहा है और आठ महीने गर्मी पड़ रही है। अगर प्रकृति के चक्र को ठीक करने का प्रयास नहीं हुआ तो स्थिति और बिगड़ती जाएगी। पहली औद्योगिक क्रांति के बाद से पृथ्वी ढाई फीसदी ज्यादा गर्म हो चुकी है और अगले 25 साल में दो फीसदी और गर्म हो सकती है। इसका मतलब है कि धरती को पहले बुखार हुआ और अब बुखार बढ़ रहा है, जिससे उसकी सेहत खराब हो रही है। जैसे बुखार आदमी के शरीर को तोड़ता है वैसे ही सामान्य से चार फीसदी ज्यादा तापमान धरती के शरीर को तोड़ देगा और उसे ठीक करना इंसान के वश में नहीं रह जाएगा। बहरहाल, अचानक बादल फटने का एक कारण मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र में लगातार आ रही कमी है। वैसे तो पहाड़ों पर भी जंगल काटे जा रहे हैं लेकिन मैदानी इलाकों में जंगल की कटाई इस रफ्तार से हो रही है, जिसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। समूचे उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के मैदानी इलाकों में जंगल साफ होते जा रहे हैं और उनकी जगह कंक्रीट के जंगल खड़े हो रहे हैं। औद्योगिक निर्माण हो रहे हैं और हाउसिंग सोसायटीज बन रही हैं। उत्तर प्रदेश और दिल्ली, हरियाणा से जाकर बड़ी संख्या में लोग घर, फ्लैट और जमीन खरीद रहे हैं। वे उत्तराखंड के मैदानी इलाकों में साफ हुए जंगल की जगह अपने फार्म हाउसेज बना रहे हैं। इसका नतीजा यह है कि आसमान में जब बादल बनते हैं तो उनके बरसने के लिए मानसून की हवाओं को मैदानी इलाकों में अनुकूल हालात नहीं मिलते हैं। मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र की कमी के कारण बादल पहाड़ों पर बरसते हैं या फटते हैं, जिससे अचानक बाढ़ आ जाती है।

इसके अलावा भागीरथी नदी पर बना करीब 260 मीटर ऊंचा टिहरी बांध भी बादल फटने की घटनाएं बढ़ने का एक कारण है। पहले भागीरथी नदी का जलग्रहण क्षेत्र अपेक्षाकृत बहुत छोटा था। लेकिन बांध की वजह से इसका ऊपरी जल क्षेत्र 50 वर्ग किलोमीटर से ज्यादा हो गया है, जहां बड़ी मात्रा में पानी इकट्ठा होता है। इससे बादल बनने की प्रक्रिया तेज हो गई है। मानसून सीजन में बहुत ज्यादा बादल बनते हैं और फटते हैं। पहले बादल फटने की घटनाएं इक्का दुक्का होती थीं। लेकिन अब नदियों के प्राकृतिक बहाव को बाधित करने से असंतुलन बना है, टिहरी बांध में भारी मात्रा में पानी इकट्ठा होने से बादल ज्यादा बन रहे हैं और मैदानी इलाकों में वन क्षेत्र नहीं होने से बादल पहाड़ों पर फट रहे हैं।

यह ध्यान रखने की जरुरत है कि प्रकृति के साथ खिलवाड़ की वजह से प्रकृति का चक्र बिगड़ा है और अब एक साथ कई बादल फटने की घटनाओं में बढ़ोतरी हुई है, जिससे अचानक बाढ़ आ जा रही है। इस पूरे मामले में एक बात पर और ध्यान देने की जरुरत है कि अब आ रही बाढ़ से नुकसान बढ़ता जा रहा है। इसका कारण यह है कि लोग पारंपरिक तरीकों को छोड़ कर नदियों के किनारे बसने लगे हैं। पहले पहाड़ों में गांव नदी से दूर बसाए जाते थे। लेकिन अब नदियों के किनारे घर बनाए जाने लगे हैं। पर्यटकों की मांग को देखते हुए नदियों के किनारे छोटे होटल, रिसॉर्ट या होमस्टे के लिए घर बनाए जा रहे हैं।

धराली में भी ऐसे ही होटल और होमस्टे बह गए हैं। दूसरा कारण यह है कि नियमों को ठेंगा दिखा कर इकोसेंसिटिव जोन में निर्माण हो रहा है। धराली में जहां यह हादसा हुआ है वह भी ऐसे ही जोन में आता है। फिर वहां निर्माण कैसे हुआ इसकी जांच होनी चाहिए। ऐसे तमाम इलाके मिल जाएंगे, जहां कानूनी तौर पर निर्माण पर रोक लगी हुई है लेकिन वहां निर्माण हुए हैं। इससे पहाड़ों में मानवीय गतिविधियां इतनी बढ़ गई हैं कि जंगल और पहाड़ उसे बरदाश्त नहीं कर पा रहे हैं। सरकारों के साथ साथ स्थानीय नागरिकों को भी पहल अपने हाथ में लेनी होगी। इसकी शुरुआत पेड़ों की कटाई और इकोसेंसिटिव जोन में निर्माण रोकने से हो सकती है।

## //अन्तर्वेदना//

# “मुझे अपनी शरण में ले लो राम......ले लो राम” “मुझे अपनी शरण में ले लो राम................!!”

प्रिया देवांगन “प्रियू”



रानो तुम ये उदासी भरा भजन क्यों गा रही हो और ये क्या तुम्हारी आँखें सरोवर की तरह डबडबा गई हैं? प्यारे ने अपनी पत्नी रानो के कंधे पर हाथ रखते हुए पूछा।

प्यारे! अब जीवन अंतिम पड़ाव पर है, भगवान भजन ही हमें मोक्ष की ओर ले कर जाएगा। रानो प्यारे के हाथ पर हाथ रखती हुई बोली।

धत् पगली! हमने कौन सा पाप किया। पाप ही तो.....रानो आगे कुछ बोलती उससे पहले ही प्यारे ने उनको चुप करा दिया।

अच्छा सुनो रानो! हाँ प्यारे कहो; पता है न इस बार हमारी वैवाहिक वर्षगांठ के दिन कौन आने वाला है।

अरे हाँ.....! मैं कैसे भूल सकती हूँ। रानो मुस्काती हुई बोली। क्या रानो तुम भी न!

प्यारे!..... न जाने क्यों मेरा हृदय उनसे मिलने को इतना आतुर है, और दूसरी तरफ कोने में छिपा भय बार-बार संकेत कर रहा है, लेकिन क्या?

मुझे समझ नहीं आ रहा है। तभी! रानो और प्यारे की बातें उनके खास मित्र लखन लाल जी ने सुन लिया और बोले- “क्या बहन जी; आपको हमने कितनी बार समझाया कि ज्यादा मत सोचिए आप लोगों को बहुत अच्छा तोहफा मिलने वाला है; खास मैनेजर साहब ने इंतजाम किया है। भई....मैनेजर साहब से हम बहुत बार मिल चुके हैं अब आप लोगों की बारी है।”

थोड़ी देर बाद...... दूर खड़ी प्यारे और रानो की केयर टेकर आई और बोली- “सुनो....सुनो....सुनो! सभी एक जगह इकट्ठा हो जाइए। आप लोगों को जिस पल का इंतज़ार था वह ख़त्म हुआ।” सभी के चेहरों पर मुस्कान की लालिमा दस्तक देने लगी।

चलो....चलो रानो जल्दी चलो; वे आ गए हैं। दोनों एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर तेज चलने लगे। प्यारे की खुशी का ठिकाना ही नहीं था मानो कोई अपना आया हो। हाँ प्यारे अब चलो भी!

ओह! इतनी अच्छी सजावट मैंने आज तक नहीं देखी। रानो अपने दोनों गालों पर हाथ रखती हुई हैरानी से बोली। सच....आखिर मैनेजर साहब कौन और कहाँ हैं? चलिए न प्यारे...! सबसे पहले उनको आशीर्वाद देकर धन्यवाद करते हैं।

अरे! शायद वे रहे मैनेजर साहब। पीछे मुँह करके खड़े हैं, जैसे ही प्यारे ने उनके कंधे पर हाथ रखा मैनेजर साहब उनकी तरफ मुड़े।

ये क्या!... प्यारे ये तो तुम्हारा भतीजा है। जो विदेश में रहता है। हाँ रानो! कुछ सेकेंड तक तीनों एक-दूसरे की तरफ टकटकी लगाए देखते रहे। प्यारे की लड़खड़ाती जुबान बोली- “आपने तो हमें सरप्राइज़ ही कर दिया।” मैनेजर साहब! सही कह रहे थे लोग; धन्य हैं तुम्हारे माता-पिता धन्य हैं; जो तुम्हें जन्म दिए हैं। बोलती हुई रानो मैनेजर साहब के दोनों हाथों को पकड़ कर रोने लगी। देर से ही सही तुम्हें अक्ल तो आई।

जो बेटा अपने माँ-बाप के जीते जी सेवा न कर सका। आज उनके गुजर जाने के बाद इतने बड़े वृद्धाश्रम में दूसरों के माँ-बाप को संभालने और खुश रखने की जिम्मेदारी उठा रहा है। ये पश्चाताप का अच्छा अवसर ढूँढ रखा है बेटा। प्यारे ऊँची आवाज में बोले। अपनी नाराज़गी जताते हुए प्यारे, रानो का हाथ पकड़ उल्टे पाँव कमरे की तरफ लौट गए। वृद्धाश्रम में खड़े बुजुर्गों की आँखें भर आईं। दूसरी तरफ मैनेजर साहब सर झुकाए फफक कर रो पड़े। रानो और प्यारे को उनकी इकसठवीं वर्षगांठ के तोहफ़े ने हृदय की गहराई तक झकझोर दिया।

**राजिम, जिला - गरियाबंद, छत्तीसगढ़**

## शब्द सामर्थ्य -145


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. शृंगार करना, साजना 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 144 का हल



## सामयिक चर्चा

# पेंशनर! डीए की तंज, राम को भज!

अखबार उठाते ही बानी ने पढ़ा
“प्रदेश में कर्मियों का डीए
दो प्रतिशत बढ़ा।
पांच लाख कर्मचारियों के लिए
मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान -
अब केन्द्र के बराबर ही
65% डीए मिलेगा।”
गजाधर! इससे कमचारियों का चेहरा खिलेगा।
पर यह देख, मेरे मन को,
बड़ी ठेस लगती है गजाधर!
पूर्व कर्मचारी है पेंशनर।
फिर कर्मचारी और पेंशनर तो
एक ही बाजार से खरीदी करते हैं
तो महंगाई भत्ता देते समय
मुख्यमंत्रीजी पेंशनर का ध्यान, क्यों नहीं रखते है?”
गजाधर मुस्कराए बोले - “बानी!
पेंशनर पूर्व कर्मचारी होता है।
और वर्तमान के समने
‘पूर्व’ अपना सम्मान खोता है।
सन्त-महात्मा कहते भी है-
पूर्व यानी भूत की मत याद करो?
जो बीत गया, वो बीत गया।
वर्तमान पर अपना पूरा ध्यान धरो।
इसीलिए तो देखो -
सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस सुदर्शन रेड्डी
‘पूर्व’ को छोड़ने का मन बना रहे हैं
और वर्तमान में आने के लिए
उपराष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ने जा रहे हैं।
तो किस्सा कोतह ये बनी।
पेंशन को जिन्हें, अब ‘ऊपर’ जाना है,
डीए-फीए की चिन्ता में, नहीं पड़ना चाहिए।
सब कुछ छोड़-छाड़कर,
बस राम भजन करना चाहिए।”



गिरीश बख्शी

## कविता


# ‘तोर घर मोर घर कते करा’

पथरा ल कुंद-कुंद घर बनायेस,
अऊ कहिथस तय मोर-मोर।
चिंरई करही बसेरा एक दिन,
न तोर होही न घर मोर।
जुच्छा आये जुच्छा जाबे,
देख बिचार तय जरा,
तोर घर मोर घर, कते करा।।
दाई ददा भाई भतीजा,
संग नई जाही तोर।
बंगला गाड़ी माल खजाना के,
सब झन मन करही सोर।
स्वास्थ के सब नाता गोता,
तोला घर ले दिही खदेड़ा।
तोर घर मोर घर कते करा।
गठरी मोटरी जोर के राखेस,
खरचा करे ल नई जानेस।
धन के गजब गुमान करेस तय,
अटियायेस गुर्रायेस मनमाने।
गांव बस्ती सबो घुटजाही,
जंगल झाड़ी होही तोर डेरा,
तोर घर मोर घर कते करा।।



आनंद सार्वा
कु.बो.राजनांदगांव

## राशिफल




**मेष**

इस राशि वालों के लिए आज का दिन खुशहाल बना रहेगा। आज आप किसी काम की शुरुआत कर सकते हैं, भविष्य में जिससे आप अच्छा लाभ कमाएंगे नवविवाहित दंपत्ति को आज जीवनसाथी से गिफ्ट मिलेगा, जिससे आपको खुशी होगी। आपको राजनीति से जुड़कर काम करने का मौका मिलेगा, जिससे आप अपने सपनों को पूरा करेंगे।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज इलेक्ट्रॉनिक्स के बिजनेस में आपको अच्छा धन लाभ होगा, आप कारोबार को आगे बढ़ाने का विचार कर सकते हैं। इस राशि के शिक्षको का ट्रांसफर उनकी मनपसंद जगह पर हो जायेगा। जॉब के लिए प्रयासरत युवाओं को अपनी तलाश जारी रखने की जरूरत है, जल्द ही जॉब मिलेगी।




**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको मनपसंद चीज प्राप्त होगी, जिससे आपको खुशी होगी। आज आपके दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहेगी। आज लवमेट अपने रिश्ते की बात घर पर करेंगे, घरवाले आपके रिश्ते की बात को आगे बढ़ा सकते हैं। आज आप दोस्तों के साथ बाहर घूमने जा सकते हैं, जिससे आपका मूड फ्रेश होगा।




**कर्क**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज नए बिजनेस को शुरू करने का विचार आपको उत्साहित करेगा। आज आप परिवार के साथ धार्मिक स्थल पर जाने का प्लान बना सकते है। आज आपके काम और मेहनत को देखते हुए आपकी सैलरी में इजाफा होगा। आज आप पिता के कार्यों में हाथ बटाएंगे,अपनी परवरिश के ऊपर गर्व महसूस होगा।



**सिंह**

आज आपका दिन रोज की अपेक्षा बेहतर रहेगा। आज वाहन चलाते समय आपको सावधानी बरतने की जरूरत है। आज करीबी दोस्त की वजह से आपको जॉब मिलेगी, इससे आपकी दोस्ती और गहरी होगी। आज कार्यक्षेत्र में बाहरी सलाह से अच्छा है, आप घरवालों की बात को समझे। आज आपके दांपत्य रिश्ते में आपसी तालमेल बना रहेगा।




**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आप फर्नीचर का सामान खरीद सकते हैं, जिससे घर की रौनक बढ़ जाएगी। आज आप किसी नए काम की शुरुआत कर सकते हैं, जिसमें भाई का पूरा सहयोग मिलेगा। आज बच्चे आपसे मन की बात शेयर करेंगे, आप उनकी बातों को ध्यान से सुने और प्यार से समझाएं।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आप कॉस्मेटिक प्रोडक्ट को ऑनलाइन वेबसाइट पर लांच करेंगे, जिससे आपको अच्छा लाभ होगा। आज ऑफिस में आपके काम से खुश होकर बॉस आपको कोई नया टारगेट दे सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते है।




**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए अच्छा बना रहेगा। आज आप अधिकतर कार्यों को पूरा कर लेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी। आज आप किसी संस्था के साथ जुड़कर जरूरतमंदों की मदद करेंगे, जिससे उनके जीवन में बदलाव आएगा। आज आपको दाम्पत्य रिश्ते में बड़ी खुशखबरी मिलेगी, जिससे घर में खुशी का माहौल बना रहेगा।




**धनु**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने दोस्त की मदद से रुके हुए प्रोजेक्ट को पूरा कर लेंगे। आज आपको बिजनेस डील में बड़ा धन लाभ होगा। आज ऑफिस में आपकी मुलाकात कुछ नए लोगों से होगी, जिनसे मिलकर आपको खुशी होगी। लम्बे समय से चल रही किसी स्वास्थ्य समस्या आज आपको मुक्ति मिलेगी।




**मकर**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आप ऑफिस में कई दिनों से रुका कार्य आज समय से पूरा कर लेंगे। आज घर में किसी खास रिश्तेदार के आगमन से खुशी का माहौल बनेगा। ट्रांसपोर्ट के कारोबारियों को अच्छा लाभ होगा, जिससे आपके मन को संतुष्टि मिलेगी। आज शिक्षकों का प्रमोशन उनकी मनपसंद जगह पर होने की सम्भावना है।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। आज कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह लेना आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। आज किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके दामपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा।



**मीन**

आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आज आपको अचानक धन की प्राप्ति होगी, जिससे आपका बैंक बैलेंस मजबूत बनेगा। आज कार्यक्षेत्र में बड़ों की सलाह लेना आपको व्यापार में अच्छा लाभ दिलाएगी। आज किसी अच्छी कंपनी से आपके लिए जॉब का प्रस्ताव आ सकता है। आज आपके दामपत्य जीवन में सौहार्द्र बना रहेगा।

# बिजली कटौती की समस्या को लेकर ग्रामीणों के साथ चुम्मन साहू पहुंचे बिजली आफिस

छुरिया(दावा)। बिजली की अनावश्यक कटौती कोई नई बात नहीं हैं विद्युत विभाग की मर्जी है कब कहां की लाईट बंद कर दे या चालू कर दे इसका कोई हिसाब किताब नहीं है। ग्रामीण इलाकों में विद्युत कटौती तो एक आम समस्या हो गई है, वह भी रात के समय न तो आदमी चैन से सो सकता है और न बच्चे अपनी पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसा ही कुछ छुरिया विकासखण्ड के ग्राम कल्लूटोला, झिथराटोला और शिकारीटोला में अनावश्यक विद्युत कटौती से परेशान ग्राम के बच्चों और ग्रामीणों का आक्रोश फूट पड़ा और सारे लोग एकत्र होकर अपने कांग्रेस नेता चुम्मन साहू के पास रात को पहुंचे और अपनी समस्या बतायी।

**ग्रामीणों ने मोमबत्ती जलाकर किया विरोध प्रदर्शन**



कांग्रेस के दबंग नेता और जिला कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू के नेतृत्व में मंगलवार 19 अगस्त रात 9 बजे उपरोक्त गांव के ग्रामीण और स्कूल में पढ़ने वाले बच्चे छुरिया के बिजली आफिस मोमबत्ती जलाकर पहुंचे और अधिकारियों के सामने विरोध प्रदर्शन किया और बिजली विभाग व अधिकारियों के खिलाफ बिजली कटौती बंद करो बिजली विभाग मुर्दाबाद का नारा लगाया।

चुम्मन साहू ने बिजली विभाग के अधिकारियों को आड़े हाथों लेते हुये साफ शब्दों में कहा कि हमें आपके पास रात को आने का कोई शौक नहीं है। चूंकि हम कांग्रेस नेता होने का नेतृत्व करते है इसलिये आपके लाईनमेन को फोन लगाते हैं तो वह लाईनमेन फोन ही नहीं उठाता, इसलिये हमको इन ग्रामीणों के साथ आना पड़ता है। हम यहां मोमबत्ती इसलिये लेकर आये हैं कि बिजली विभाग के अधिकारियों का ध्यानाकर्षण कर सकें। पढ़ाई करने वाले बच्चे लाइट बंद होने के कारण मोमबत्ती की लाइट में पढ़ाई करने मजबूर है। विष्णु देव सरकार सिर्फ अडानी अंबानी को फायदा पहुंचा रहा है, बाकी किसान मजदूर की चिंता ही नही है सिर्फ दिखावे की राजनीति कर रही हैं। इसका बदला आने वाले चुनाव में जनता लेगी, भूपेश सरकार में बिजली बिल हाफ करके किसानों को राहत पहुंचाने का काम किया हर काम आम जनता के हित में किए है। चुम्मन साहू ने अधिकारियों से सिर्फ एक सवाल पूछा कि आखिर हमारे क्षेत्र में बिजली की कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से निदान कब मिलेगा इस पर अधिकारियों ने कहा एक आपके क्षेत्र और गांव की बिजली की समस्या एक सप्ताह में व्यवस्था दुरूस्त कर दी जायेगी ऐसा आश्वासन मिलने पर सभी ग्रामीण और बच्चों ने अपना मोमबत्ती लेकर विरोध प्रदर्शन को बंद किया और अपने घर वापस चले गये।

इस मोमबत्ती प्रदर्शन को लेकर चुम्मन साहू के नेतृत्व में जिला आदिवासी कांग्रेस अध्यक्ष लादूराम तुमरेकी, पार्षद सोनूखान, ब्लाक कांग्रेस सचिव अमित अग्रवाल, कल्लू टोला के ग्राम पटेल महरूराम साहू, हिरामन पटेल, भोजराम साहू, प्रेम नंदेश्वर, महेन्द्र साहू, देवराम पटेल, तुकाराम साहू सहित अन्य ग्राम उपस्थित रहे।

# प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ का विशाल प्रदर्शन, तीन सूत्रीय मांगों को लेकर कलेक्टर कार्यालय का घेराव



मोहला (दावा)। जिला मुख्यालय मोहला में मंगलवार को प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षण कल्याण संघ के बैनर तले हजारों की संख्या में मितानिनों ने अपनी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। मां छुरिया मंदिर प्रांगण से निकली यह विशाल रैली, लाल श्याम शाह बस स्टैंड और फौव्वारा चौक से होती हुई गड्ढेदार सड़कों से कलेक्टर कार्यालय पहुंची। करीब एक किलोमीटर लंबी इस रैली में जिलेभर से 1700 से अधिक मितानिनें और प्रशिक्षक शामिल हुए। रास्तेभर हमारी मांगे पूरी करो, एनजीओ प्रथा खत्म करो, मोदी सरकार लबरा हे जैसे नारों से पूरा शहर गूंजता रहा। कलेक्टर कार्यालय पहुंचने के बाद प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और स्वास्थ्य मंत्री के नाम मोहला तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा।

### मितानिनों ने बताई अपनी पीड़ा

प्रदर्शन में शामिल मितानिन शशिकला ने कहा, 'कई महीनों से मानदेय का भुगतान नहीं मिला है। कार्य के दौरान भी हमें तमाम कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हमारी मांगें कोई नई नहीं हैं, बल्कि ये चुनावी वादे हैं जिन्हें सरकार भूल रही है। आज हम फिर से मुख्यमंत्री को उनका वादा याद दिला रहे हैं।'

### जिला अध्यक्ष का बयान

संघ के जिला अध्यक्ष अश्वनी मानिकपुरी ने बताया कि सरकार ने चुनावी घोषणा पत्र में सौ दिनों के भीतर इन मांगों को पूरा करने का वादा किया था। 'हम सात अगस्त से लगातार हड़ताल पर हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं हुई। यदि जल्द सुनवाई नहीं हुई तो यह आंदोलन और उग्र स्वरूप लेगा।' मितानिन शशि बाई सोरी ने कहा कि मोदी की गारंटी है तो मांग पूरी होनी ही चाहिए या तो घोषणा पत्र में शामिल नहीं करना था। सरकार जितने से पहले घोषणा, जितने के बाद ठेंगा हो गया सब मंहगा इस बार हम चुनाव में सरकार को ठेंगा दिखाएंगे

### आंदोलन की चेतावनी

मितानिन संघ ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र ही सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशभर में और भी बड़े स्तर पर आंदोलन की रणनीति बनाई जाएगी।

# पहला कॉलम...

## घर-घर तिरंगा एवं नशा मुक्ति शपथ कार्यक्रम का आयोजन



डोंगरगढ़(दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ में प्राचार्य डॉ. ई.वी. रेवती के मार्गदर्शन एवं एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में 'घर-घर तिरंगा, हर घर तिरंगा' अभियान के तहत नगर में रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार महाविद्यालय प्रांगण में नशा मुक्ति शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रेवती ने छात्र-छात्राओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और युवाओं से नशामुक्त समाज के निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ.आशा चौधरी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. एम.एल.नंदेश्वर, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी, एच.आर.पदमे, एनसीसी केयर टेकर गुलशन सिन्हा, डॉ. नीता राजपूत, डॉ. नौशीन अंजुम, डॉ. सपना परिहार, एवलाल मेश्राम, मनीषा भेड़िया, नीलम सिंह, अनिमा मिंज, मंजू धनकर, श्रीमती मीनाक्षी साहू, शबाना खान, सुमेध डोंगरे सहित एनसीसी, एनएसएस ईकाई के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## एक शिक्षिका जिसका ग्रामीणों ने किया सम्मान



डोंगरगांव (दावा)। ब्लॉक के शासकीय प्राथमिक शाला मचानपार संकुल तुमड़ीबोड़ की प्रधानपाठक श्वेता श्रीवास्तव का ग्रामीणों ने सम्मान कर ग्राम पंचायत की ओर से उत्कृष्ट शिक्षक का अवार्ड दिया गया है. बता दें श्रीमती श्रीवास्तव को शाला में लगातार नवाचार करने के लिए जाना जाता है. स्कूल की सफाई स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधि, ब'चों को अध्यापन सामग्री प्रदान करने से लेकर स्कूल की व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित करना इनकी खासियत रही है. पूर्व में डोंगरगढ़ विकासखंड के कोलीहापुरी प्राथमिक शाला मे पदस्थ रही श्रीमती श्रीवास्तव के व्यवहार से ग्रामीण भी लगातार तरीफ करते रहे हैं आज उसी के परिणाम स्वरुप मचानपार के ग्रामीणों ने सम्मान किया. सादगीपूर्ण समारोह में ग्राम के सरपंच मूलचंद पदाम, खेमलाल पटेल उपसरपंच द्वारा ग्रामीणों की ओर से सम्मानित किया गया है. इस अवसर पर पूर्व सरपंच चिंताराम साहू, शकून साहू, कौशल निर्मलकर, सीमा साहू, शारदा पटेल, नारद साहू, नंदनी साहू प्रकाश पटेल, ओमबाई पटेल, नारायण, सरस्वती साहू, आशा मारकंडे, तोखुराम साहू, गोपाल पटेल शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष दुमेश्वर पटेल, खेमिन साहू, राहुल देशलहरा सहित स्कूल के शिक्षक अचल वैष्णव, सुलोचना बोम्बर्दे, दीप्ती पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे.

## रामजी भारती को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर कार्यकर्ताओं ने नेताओं का जताया आभार



डोंगरगढ़(दावा)। पूर्व विधायक रामजी भारती को प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष का दायित्व मिलने पर शहर व ग्रामीण भाजपा के कार्यकर्ताओं में खुशी व्याप्त है। कार्यकर्ताओं ने अपनी खुशी जाहिर करने रायपुर पहुंच कर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन मंत्री पवन साय सहित अन्य नेताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया। साथ ही प्रदेश संगठन मे दूसरी बार डोंगरगढ़ को प्रतिनिधित्व देने के लिये आभार व्यक्त कर नेताओं को माँ बम्लेश्वरी देवी का फोटो, चुनरी व प्रसाद भेंट की गई। इस दौरान प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष रामजी भारती, जिला उपाध्यक्ष सुरेंदर सिंह बनोआना, वरिष्ठ भाजपा नेता सुनील चीकू जैन, प्रकाश चोवड़िया, महेंद्र भाई पटेल, महेंद्र वैष्णव, राजनारायण चंद्रेल, महेंद्र अग्रवाल, नपा अध्यक्ष रमन डोंगरे, उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बनोआना महिला मोर्चा अध्यक्ष सविता दरगढ, मंडल महामंत्री विनीत यादव, विनय बंसल, पालिका सभापति अमित जैन, देवेंद्र साखरे, डी यकेश राव, सुमित ताम्रकार, हरीश मोटघरे, कैलाश सोनवानी, अलका जयेश सहारे, लक्ष्मी यादव, अनीता इंदुलकर, युवा मोर्चा अध्यक्ष सुमित मिश्रा, आकाश राजपूत, लोकेश इंदुलकर सहित अन्य शामिल रहे।

# बेघर और विस्थापित होने का सता रहा डर

**लमती बांध के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 13 अगस्त को किया भूमिपूजन, अब शुरू हुई विरोध**



खैरागढ़ (दावा)। गांव वालों को सता रहा डर पुस्तैनी जमीन और उजड़ेंगे घर, बेघर और विस्थापित होने का सता रहा डर। पांच गांवों के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार को डोगरगढ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल और गांव के सरपंच कमलेश वर्मा के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचे। जहां पर उन्होंने कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के समक्ष लमती नदी पर बन रहे बांध का किया विरोध। पिछले हफ्ते बुधवार 13 अगस्त को प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का प्रथम संगीत नगरी आगमन हुआ था। जहां पर उनके व्दारा 611 करोड़ के विकास कार्य का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले लमती बांध भी शामिल हैं, जो कि 242 करोड़ 77 लाख की लागत से बनने वाले का भूमिपूजन किया और चार दिन बाद सोमवार को सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण विधायक हर्षिता स्वामी बघेल और गांव के सरपंच कमलेश वर्मा के साथ इसका विरोध करने कलेक्ट्रेट पहुच गये और कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल को ज्ञापन सौंपकर विरोध करने लगे।

### पांच गांव के ग्रामीण सैकड़ों की संख्या में पहुंचे कलेक्ट्रेट

सोमवार को ग्राम लक्षनाटोला, बोरला, महुआढार, कटेमा और दल्लीखेली के सैकड़ों ग्रामीण कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। ग्रामीणों के साथ सरपंच कमलेश वर्मा और क्षेत्रीय विधायक हर्षिता स्वामी बघेल भी मौजूद रही। ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि बांध बनने से उनकी पुस्तैनी कृषि भूमि और मकान डुबान क्षेत्र में आ जाएंगे। जिससे वे बेघर और विस्थापित हो जाएंगे। उन्होंने यह भी आशंका जताई कि बच्चों की पढ़ाई और जीवन पर गंभीर असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि पहले प्रधानपाठ बैराज बनने पर भी उन्हें विस्थापन झेलना पड़ा था और अब वही स्थिति दोहराई जा रही है।। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिना किसी जानकारी दिए अचानक बांध का भूमिपूजन कर दिया गया।

ग्रामीणों का समर्थन करते हुए, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा बिना भूमि अधिग्रहण और बिना ग्रामीणों को सूचना दिए करोड़ों का बांध कैसे स्वीकृत हो सकता है? सरकार को यह निर्णय तुरंत स्थगित करना चाहिए। सरपंच कमलेश वर्मा ने कहना है। करोड़ों की लागत से बना प्रधानपाठ बैराज लेकिन आज उसके तीन गेट क्षतिग्रस्त हैं। पहले सरकार को उसकी मरम्मत करनी चाहिए। अगर नया बांध बनाना ही है,तो लमती बांध की बजाय भद्रीखोल में बने, जहां किसानों को सिंचाई का लाभ भी मिलेगा और कोई गांव डूबान क्षेत्र में नहीं आएगा।

### कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने गंभीरता से सुनी ग्रामिणो की बात

विरोध को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने ग्रामीणों की बातें सुनी और जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता बीरेंद्र मरकाम को गांव जाकर सर्वे करने तथा ग्रामीणों को भी साथ रखने के निर्देश दिए।।कलेक्टर ने भरोसा दिलाया कि ग्रामीणों के सुझाव और मांगे अगर हमारे स्तर पर संभव होंगी तो उन्हें पूरा किया जाएगा।

# हर्बल गार्डन एवं वनौषधि विक्रय केंद्र हेतु भूमिपूजन



डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ परंपरागत वनौषधि प्रशिक्षित वैध कल्याण संघ को ग्राम अछोली डोंगरगढ़ में हर्बल गार्डन एवं वनौषधि विक्रय केंद्र हेतु जमीन का भूमिपूजन ग्रामीण व आमजनों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर ग्राम के सरपंच नंद कुमार साहू, उपसरपंच पुखराज पप्पू साहू, चुम्मन साहू, फिरंगी पटेल, संघ के अध्यक्ष वैद्य कन्हैया लाल साहू, अवध साहू, रूपराम पटेल, जयराम वर्मा, लता साहू, पंच ईश्वरी साहू, खुशबू साहू, सुनीता ज्योति नेताम, मुन्ना राम यादव, मूलचंद साहू, भंवर सिंह गोंद आदि उपस्थित थे। वैद्य कन्हैया लाल साहू ने बताया कि स्वदेशी ज्ञान अध्ययन वनों का संरक्षण संवर्धन एवं विनाश विहीन विदोहन होने से रोका जा सके आमजनों को वनौषधि प्रकाशित बहुत सरलता से मिल सके।

# राजीव गांधी की जयंती पर विधायक श्रीमती बघेल ने ग्राम रुसे और आल्हा नवागांव में विकास की रखी नींव

**यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि विकास की नई राह है जो गांव को मुख्यधारा से जोड़ेगी- विधायक हर्षिता स्वामी**



डोंगरगढ़ (दावा)। विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने ग्राम पंचायत रुसे और उसके आश्रित गांव आल्हा नवागांव में महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इन दोनों गांवों में कांक्रीट सीमेंट (सीसी) सड़कों का निर्माण किया जाएगा। जिससे ग्रामीणों की आवाजाही सुगम होगी और उनके जीवन स्तर में सुधार होगा।

सड़क निर्माण स्वीकृति से ग्रामीणों के मध्य उत्साह का माहौल है। यह मांग लंबे समय से की जा रही थी। जिसे विधायक ने गंभीरता से लिया। रुसे और आल्हा नवागांव में सीसी सड़कों के निर्माण से न केवल धूल और कीचड़ की समस्या से निजात मिलेगी, बल्कि इससे किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में भी आसानी होगी। भूमिपूजन कार्यक्रम में विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि उनकी प्राथमिकता क्षेत्र के हर गांव को मूलभूत सुविधाओं से जोड़ना है। उन्होंने कहा, यह सिर्फ एक सड़क नहीं, बल्कि विकास की नई राह है जो गांव को मुख्यधारा से जोड़ेगी। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि आने वाले समय में क्षेत्र में और भी विकास कार्य कराए जाएंगे। ग्रामीणों ने विधायक के इस प्रयास की सराहना की और आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमति खेमलता पुष्पेंद्र साहू, कोमल साहू, रौनक बाफना, कौसल साहू, लीलेस साहू एवं समस्त ग्रामीण एवं कांग्रेसी जन उपस्थित रहे।

# विधायक गृहग्राम देवारीभाठ में दूषित पानी से मचा हाहाकार, 40 लोग बीमार, 4 रिफर, अस्पतालों में मची अफरा-तफरी



खैरागढ़ (दावा)। दूषित पेयजल आपूर्ति के चलते विधायक यशोदा वर्मा का गृहग्राम देवारीभाठ गंभीर स्वास्थ्य संकट से गुजर रहा है। पिछले तीन दिनों में गांव के करीब 40 लोग उल्टी-दस्त की चपेट में आ चुके हैं। हालात बिगड़ने पर खैरागढ़ सिविल अस्पताल में अफरा-तफरी मच गई। बेड की कमी के कारण कई मरीजों को ओपीडी से दवा देकर घर भेजना पड़ा, वहीं 4 गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर करना पड़ा।

### गांव की दुर्दशा की वजह नल-जल योजना की पाइपलाइन

ग्राम में स्वास्थ संकट का कारण नल-जल योजना की पाइप लाइन जो नालियों के बीच से होकर गुजरती है। ग्रामीणों द्वारा जगह-जगह पाइप में छेद करने से नाली का गंदा पानी सीधे घरों तक पहुंच रहा है। बरसात के मौसम ने समस्या और गहरा दी है,गांव की गलियां घुटनों तक गंदे पानी में डूबी हैं।

ग्रामीणों का आरोप है कि विधायक के अपने ही गांव में स्वच्छ पेयजल और नाली व्यवस्था जैसी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है और अब उसी लापरवाही का खामियाजा पूरा गांव भुगत रहा है।।

स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज वैष्णव ने जानकारी दी कि ग्राम देवारीभाट से बीते 2-3 दिनों से उल्टी-दस्त के मरीज लगातार आ रहे हैं। अब तक करीब 40 मरीज आए हैं, जिनमें से 4 गंभीर मरीजों को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रिफर किया गया है। बाकी मरीजों की हालत सामान्य है। जानकारी मिलते ही हमने तत्काल गांव में शिविर लगाकर मरीजों का वहीं उप स्वास्थ्य केंद्र में इलाज शुरू कर दिया। ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने की सलाह दी गई है। अब धीरे-धीरे मरीज कम आ रहे हैं। पाइपलाइन की समस्या को लेकर पीएचई विभाग को पानी की जांच और निवारण करने के लिए कहा गया है।

### स्थिति नियंत्रण पर, स्वास्थ्य विभाग का दावा

स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि स्थिति पर नियंत्रण पाया जा रहा है, लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि जब तक नल-जल योजना की खामियां और नाली की गंदगी दूर नहीं होती, तब तक बीमारी फैलने का खतरा बना रहेगा।

# बिहार के राज्यपाल से कुलपति प्रो. (डॉ) लवली ने की सौहार्द्र मुलाकात



**विश्वविद्यालय के संबंध में हुई विस्तृत चर्चा**

खैरागढ़ (दावा)। इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने बिहार के महामहिम राज्यपाल एवं कुलाधिपति आरिफ़ मोहम्मद खां से सौहार्द्र मुलाकात की। तकरीबन आधे घंटे तक हुई चर्चा के दौरान राज्यपाल ने एशिया के एकमात्र संगीत विश्वविद्यालय के बारे में जानने की जिज्ञासा व्यक्त की, जिसके बाद कुलपति ने विश्वविद्यालय की कला एवं संस्कृति के संबंध में राज्यपाल को विस्तृत जानकारी प्रदान की। अपना सामान्य परिचय देते हुए कुलपति ने राज्यपाल को बताया कि वें 20 से 25 देशों में सितार वादन एवं शास्त्रीय संगीत को लेकर भारत देश का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। उनके द्वारा कई पुस्तकें भी लिखी गई है, जिसका लाभ विद्यार्थियों को मिल रहा है। म्यूजिक थेरेपी के माध्यम से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य लोगों का इलाज भी कर चुकी हैं। जेल के बंदियों को भी म्यूजिक थेरेपी के माध्यम से सही दिशा में ले जाने का काम कुलपति के द्वारा किया गया है।

### कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा को पद्म अवॉर्ड के लिए आवेदन करने राज्यपाल ने इच्छा व्यक्त की

चर्चा के दौरान कुलपति प्रो.(डॉ) लवली शर्मा के द्वारा किताब लेखन को लेकर महामहिम ने हर्ष व्यक्त किया। कुलपति की डी.लिट. उपाधि सहित अन्य उपलब्धियों को लेकर महामहिम राज्यपाल ने कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा को पद्म अवॉर्ड के लिए आवेदन करने की इच्छा जाहिर की। उन्होंने कहा कि पद्म अवॉर्ड के लिए वे स्वयं कुलपति के लिए नामांकन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही वें समय निकालकर इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय पहुंचेंगे और यहां की कला एवं संस्कृति से अवगत होंगे।

# स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रतिभाशाली विद्यार्थियों का किया गया सम्मान



डोंगरगढ़(दावा)। संकुल मुंगलानी के शासकीय प्राथमिक शाला सेनडोंगर में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विगत दो वर्षो के कक्षा पाँचवी उत्तीर्ण प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को उपसरपंच रामाधार ओझा एवं अतिथियों के हाथों मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस पुरुस्कार को शाला के शिक्षक देवेन्द्र खोब्रागढ़े के द्वारा अपने पिता स्व. कृपाराम खोब्रागढ़े की स्मृति में प्रतिवर्ष छात्रों में पढ़ाई के प्रति रूचि बढ़ाने के उद्देश्य से दिया जा रहा है। इस दौरान उपसरपंच रामाधार ओझा, शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष माखन कोसरिया, चतुर राम ओझा, धुर्वाराम ओझा, राम्हूराम, प्रधानपाठक सुधाकर धरमगुड़े, वीरसिंह, कुशल राम, चमेली बाई, वीणा एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# नगर पंचायत के सर्वांगीण विकास के लिए अध्यक्ष ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात, मिला आश्वाशन

डोंगरगढ़/एलबी नगर (दावा)। नवीन नगर पंचायत एल बी नगर के सर्वांगीण विकास एवं क्षेत्र वासियों की मूलभूत सुविधा को ध्यान में रखकर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने वरिष्ठ भाजपा नेता भरत वर्मा एवं भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के नेतृत्व में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री अरूण साव से मुलाकात की। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री सौरभ कोठारी, एलबी नगर मंडल महामंत्री हेमलाल वर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।



**क्षेत्र का आर्थिक विकास एवं मूलभूत सुविधा से संबंधित मांग पत्र दिया गया - नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू**

रायपुर स्थित कार्यालय में उपमुख्यमंत्री अरूण साव से सौजन्य मुलाकात कर नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहू ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को नगर पंचायत लाल बहादुर नगर के सर्वांगीण विकास एवं क्षेत्र वासियों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने मांग पत्र सौंपा। श्री साहू द्वारा सौंपे गए ज्ञापन में अंकित प्रमुख मांगो में ,पंचमुखी हनुमान मंदिर में सौंदर्यीकरण एवं गार्डन निर्माण,सर्वसुविधायुक्त सामुदायिक भवन का निर्माण, लाल बहादुर नगर जिला सहकारी बैंक से कारीपाठ पहुंच मार्ग सड़क निर्माण 4 किलोमीटर ,25 नग व्यावासायिक परिसर का निर्माण सहित ग्रामीणों को मूलभूत सुविधा प्रदान करने से संबंधित प्रमुख मांगे शामिल है।

# वीर शहीदों की शहादत को नमन कर विश्वविद्यालय में मनाया गया 79वाँ स्वतंत्रता दिवस



कुलपति प्रो.( डॉ. ) लवली शर्मा ने किया ध्वजारोहण

खैरागढ़ (दावा)। देश के वीर शहीदों की शहादत को नमन करते हुए इन्दिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने विश्वविद्यालय के संस्थापकद्वय राजा वीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं रानी पद्मावती देवी व उनकी सुपुत्री राजकुमारी इन्दिरा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इसके पश्चात ध्वजारोहण किया और नील गगन में गुब्बारे छोड़े। ध्वजारोहण पश्चात राष्ट्रगान की प्रस्तुति दी गई। जिसके बाद विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलसचिव, समस्त अधिष्ठातागण, अध्यक्ष शिक्षक संघ, अध्यक्ष संगतकार संघ, अध्यक्ष गैर शिक्षक कर्मचारी संघ एवं अध्यक्ष कर्मचारी कल्याण संघ ने कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो (डॉ) लवली शर्मा ने वीर शहीदों को नमन करते हुए, कहा कि 1857 की क्रांति से लेकर भारत की आजादी तक असंख्य वीरों ने अपने बलिदान दिए हैं। यह आजादी का पर्व हमें स्मरण कराता है,कि दासता मृत्यु से भी दाहक होती है। लाल-वाल और पाल, महात्मा गांधी, चन्द्रशेखर आजाद, भगत सिंह, सुभाषचन्द्र बोस और न जाने कितने ही अनगिनत वीरों ने सर्वस्व न्यौछावर किया जिससे कि हम स्वतंत्र देश में साँस ले सकें। हमारी स्वतंत्रता का अभिप्राय मात्र अंग्रेजों के शासन से मुक्त होना नहीं था। अपितु यह एक नये भारत के निर्माण का संकल्प था। एक ऐसा भारत जहाँ हर नागरिक को समानता, न्याय और सम्मान मिले।

# उत्कृष्ट कार्यो के लिए जिला प्रशासन ने किया दुर्गेशनंदिनी श्रीवास्तव को सम्मानित



खैरागढ़ (दावा)। 79 वां स्वतंत्रता दिवस 2025 के समारोह अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय मुख्य समारोह में लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग अंतर्गत राष्ट्रीय दृष्टिहीनता एवं अल्प दृष्टि नियंत्रण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य एवं निरंतर सक्रिय सेवा के लिये दुर्गेशनंदिनी श्रीवास्तव जिला सहायक नोडल अधिकारी को मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह, पूर्व विधायक कोमल जंघेल,कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रावल,एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा सहित अतिथियों ने सहर्ष सम्मानित किया। समारोह में मुख्य अतिथि एवं मंचासीन अतिथियों ने दुर्गेश नंदिनी श्रीवास्तव को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उन्हें उत्कृष्ट कार्यो के लिए बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों सहित जिले के चिकित्सक समुदाय ने उन्हें बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की है।

# टटेंगा में देशभक्ति की लहर: शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ने निकाली तिरंगा साइकिल रैली



हरदी (दावा)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में आजादी का अमृत महोत्सव के तहत एक अनूठी पहल की गई। प्राचार्य आरके देवांगन के नेतृत्व में विद्यालय ने तिरंगा साइकिल रैली का आयोजन किया, जिसका मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और ग्रामीणों में देशभक्ति और अनुशासन की भावना को बढ़ाना था।

रैली की शुरुआत से पहले, शिक्षकों ने छात्रों को सड़क सुरक्षा का संदेश दिया। व्याख्याता टीएल देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू और महेश रावटे ने हेलमेट पहनकर सभी को सुरक्षित रहने के लिए प्रेरित किया। इसके बाद, प्राचार्य ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली के दौरान, विद्यार्थियों का उत्साह देखने लायक था। भारत माता की जय, वन्देमातरम, और जय हिंद के नारों से पूरा गांव गूंज उठा।

यह रैली गांव के प्रमुख चौराहों से होते हुए पंचायत भवन तक गई और फिर वापस विद्यालय परिसर में आकर समाप्त हुई। इस पूरी रैली का नेतृत्व व्याख्याता अजय पाठक, रीना बोरकर, हेपशिबा एंथोनी और पवन सिन्हा ने किया। इसमें विद्यालय के सभी विद्यार्थियों ने पूरे जोश के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक, वेद प्रकाश साहू, रवि देवांगन, बिंदु पटेल और बिंदु साहू सहित कई शिक्षक और स्टाफ सदस्य मौजूद रहे। यह आयोजन न केवल देशभक्ति का संदेश लेकर आया, बल्कि इसने हर घर तिरंगा अभियान को भी बढ़ावा दिया। जिससे ग्रामीणों को अपने-अपने घरों पर तिरंगा फहराने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# बेलगांव में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं गोविंद उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



200 वर्षों की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं ग्रामीण - दिनेतु जांगड़े

डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। आयुर्वेद ग्राम बेलगांव में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं गोविंदा उत्सव हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। बेलगांव ग्राम प्रमुख दिनेतू प्रकाश जांगड़े ने बताया कि विगत अनेक वर्षों से चली आ रही परंपरा को अनवरत बनाए रखते हुए कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व बेलगांव स्थित राधा कृष्ण मंदिर में ग्रामीणों द्वारा एक सप्ताह तक बारी-बारी से श्री राम सीता का जाप किया गया।

तत्पश्चात राधाकृष्ण मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी मनाया गया।राधा कृष्ण मंदिर को आकर्षक लाइट डेकोरेशन से सजाया गया था। दूसरे दिन श्रीकृष्ण की डोली को मंदिर से शोभा यात्रा के रूप में पूरे गांव में भ्रमण कराई गई। शोभायात्रा के मार्ग में पड़ने वाले चौक चौराहा में दही लूट का आयोजन ग्रामीणों द्वारा किया गया। पूरे पर्व के दौरान घर-घर भगवान कृष्ण की पूजा अर्चना की गई। शोभा यात्रा के साथ गांव की रामधुनी पार्टी द्वारा भजन कीर्तन गया जाता रहा। दही लूट संपन्न होने के बाद भगवान श्री कृष्ण को यथा स्थान मंदिर में स्थापित किया गया। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक घरों में प्रसाद का वितरण किया गया। इस सफल आयोजन में ग्रामीणों का भरपूर सहयोग आयोजन समिति को मिला।

## 200 वर्षों की परंपरा का निर्वहन कर रहे हैं ग्रामीण - दिनेतु जांगड़े

ग्राम प्रमुख दिनेतु जांगड़े ने बताया कि यह परंपरा विगत 200 वर्षों से चली आ रही है। जिसमें गांव के सभी धर्म के लोग अपने धार्मिक कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए इस ऐतिहासिक परंपरा को अनवरत आगे बढ़ा रहे हैं।

# हरडुवा की छात्राओं को दी गई बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की जानकारी



राजनांदगांव (दावा)। भारत सरकार की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के तहत महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब) द्वारा बालिका एवं महिलाओं को सुरक्षित, सक्षम और सशक्त बनाने एवं सामाजिक, आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और संरक्षण को बढ़ावा देने परियोजना राजनांदगांव ग्रामीण-2 अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरडुवा में छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ थीम पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा चाइल्ड हेल्प लाइन 1098, महिला हेल्प लाइन 181, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर, स्नेह सर्वोदय बालिका गृह, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, लैंगिक उत्पीडऩ, कार्य स्थल में लैंगिक उत्पीड़न, सखी वन स्टॉप सेंटर, साइबर बुलिंग, आईटी एक्ट, भारतीय न्याय संहिता 2023, साइबर ग्रेमिंग, सोशल मीडिया में होने वाले समस्या, यौन शोषण, लैंगिक उत्पीडऩ, चाइल्ड पोर्नोग्राफी, फर्जी डिजिटल अरेस्ट, फर्जी कॉल, शेयर मार्केट, ट्रेडिंग, फर्जी वीडियो कॉल, फर्जी आईडी से फ्रेंडशिप फेसबुक या इंस्टा, साइबर स्टाकिंग, एपीके एप्प, वर्क फॉर्म होम, ऑनलाइन जॉब, सोशल मीडिया में प्राइवेट, ऑन लाइन ठगी, साइबर क्राइम का नेशनल हेल्प लाइन नंबर 1930 विषय पर जानकारी दी गई।

# प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल एसोसिएशन ने हाट बाजार में मनाया स्वतंत्रता दिवस



जन-मन गान के साथ अध्यक्ष शेखर यादव ने किया ध्वजारोहण

राजनांदगांव (दावा)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रिंट मीडिया एंड वेब पोर्टल वर्कर्स वेल्फेयर एसोसिएशन द्वारा हाट बाजार में हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 अगस्त को हाट बाजार स्थित एसोशिएशन कार्यालय में आयोजित उक्त कार्यक्रम में प्रातः 8 बजे एसोशिएशन के अध्यक्ष शेखर यादव द्वारा रिमझिम फुहारों के बीच जन- मन गान के साथ तिरंगा फहराया गया। जिसमें देश भक्ति का रंग देखते ही बनता था। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम में अपनी प्राणों की आहूति देने वाले बलिदानियों को कृतज्ञता पूर्वक याद किया और उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस दौरान लोगों के दिलों में राष्ट्रीय भावना हिलोरें मार रही थी और उपस्थितों द्वारा किए गए वंदे मातरम के उद्घोष से वातावरण गुंजायमान हो गया।

इस कार्यक्रम में संगठन के सभी सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे वहीं हाट बाजार के व्यवसायियों सहित स्थानीय जागरुक नागरिकों की भी उपस्थिति रही। आजादी के हर्षोल्लास से सने इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राकेश तिवारी, नितिन हिवरेकर, बंटी देवांगन, आशीष साहू, प्रवीण यादव, तरुण सोनी, संतोष सहारे, संपत शर्मा, दीपक यादव, नागेश श्रीवास्तव और प्रकाश ठाकुर अपने परिजनों सहित शामिल हुए।

# अखिल भारतीय पुजारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी का भव्य स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। **छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा ने हाल ही में अखिल भारतीय पुजारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष चुने गए देवकुमार निर्वाणी का भव्य स्वागत किया। यह स्वागत रायपुर के दुधाधारी मठ मंदिर में हुई छत्तीसगढ़ श्री वैष्णव महासभा की एक महत्वपूर्ण बैठक के दौरान किया गया।**

महासभा के महासचिव राकेश दास वैष्णव और प्रदेश सलाहकार इंद्रकुमार वैष्णव, सुरेंद्र बैरागी और हरिदास वैष्णव की उपस्थिति में हुई इस बैठक में सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ देवकुमार निर्वाणी को बधाई दी। महासभा के सदस्यों ने मठ-मंदिरों से संबंधित सभी कार्यक्रमों और समस्याओं के समाधान में अखिल भारतीय पुजारी संघ को पूरा सहयोग देने का आश्वासन भी दिया।

## आगामी कार्यक्रम की तैयारी

इस अवसर पर महासचिव राकेश दास वैष्णव ने आगामी 24 अगस्त को होने वाले प्रदेश स्तरीय वर-वधू युवक-युवती परिचय सम्मेलन के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रतिभाशाली छात्रों और संत-महंतों को भी सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने सभी वैष्णव बंधुओं से इस आयोजन को सफल बनाने के लिए युद्ध स्तर पर जुट जाने की अपील की। इस बैठक में संतोष वैष्णव, लालबंधु वैष्णव, विश्व दास वैष्णव, महेंद्र वैष्णव, संदीप वैष्णव, निशा वैष्णव, नीलिमा वैष्णव, यशोदा वैष्णव, राजेंद्र वैष्णव, विजय वैष्णव, वैभव वैष्णव, बलराम दास वैष्णव, नंदकिशोर वैष्णव, राकेश वैष्णव, शत्रुघ्न वैष्णव, कविता वैष्णव और योगेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में वैष्णव बंधु उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

# चंदन नगर मोतीपुर में कलार समाज ने मनाया स्वतंत्रता दिवस



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ कलार समाज शहर मंडल द्वारा देश का 79वां स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम सामाजिक भवन मोतीपुर चंदन नगर में धूमधाम के साथ मनाया गया। कार्यक्रम मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश कार्यकारणी सदस्य चंद्रिका प्रसाद सिन्हा व पूर्व मडंलेश्वर खोमलाल सिंहा सहसंपादक एवं वरिष्ठ समाजसेवी माखन लाल सिंहा थे। मुख्य अतिथि के हाथों ध्वजारोहण के पश्चात रंग-रंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित रही। इस दौरान देश भक्ति गीतों के साथ आजादी के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता शहर मडंलेश्वर नाथूराम सिन्हा ने की। इस दौरान देश की स्वतंत्रता के संबंध में कार्यक्रम में अतिथि के रुप में उपस्थित कलार समाज के समाज के संरक्षक दीपक कुमार सिंहा, शंकरलाल जयनारायण, भरतलाल, रामरतन, कुशल, गोविन्द, चेतन सिन्हा, रामजी, झगर विनोद डॉ. अरविन्द, पचराम, सूरज, कोषाध्यक्ष जयदीप सिंहा आदि ने उपस्थितों को उद्बोधित किया। उक्त जानकारी चंद्रिका प्रसाद सिन्हा ने दी।

# सेजेस शिक्षकों और अन्य संविदा कर्मियों की लंबित मांगों को जोर शोर उठाया, अध्यक्ष विकास तिवारी को किया सम्मानित



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के बीच एकजुटता की एक महत्वपूर्ण पहल देखने को मिली। प्रदेश के सबसे बड़े कर्मचारी संगठनों में से एक छत्तीसगढ़ कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने एक अहम बैठक बुलाई गई। जिसमें सेजेस शिक्षक एवं कर्मचारी कल्याण संघ (ष्टत्रस्ञ्जश्वद्भ) के अध्यक्ष विकास तिवारी को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।

शंकरनगर स्थित फेडरेशन कार्यालय में आयोजित इस बैठक में विकास तिवारी ने सेजेस शिक्षकों और अन्य संविदाकर्मियों की लंबित मांगों को जोर-शोर से उठाया। उन्होंने इन कर्मचारियों के भविष्य की सुरक्षा के लिए नियमितीकरण, समान वेतन और अन्य सुविधाओं की मांग को सबके सामने रखा। उनकी बात पर बैठक में मौजूद सरकारी व्याख्याता तथा शिक्षक संघ के पदाधिकारियों सहित अन्य संगठनों ने भी उनकी पहल की सराहना की और मांगों का समर्थन किया।

इस दौरान विकास तिवारी ने फेडरेशन के अध्यक्ष कमल वर्मा और सभी उपस्थित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि भविष्य में कर्मचारियों के हित के लिए सीजीएसटीईडब्लूए (ष्टत्रस्ञ्जश्वद्भ) पूरी तरह से फेडरेशन के साथ मिलकर काम करेगा। यह बैठक छत्तीसगढ़ के सेजस कर्मचारियों के लिए एक नई उम्मीद जगा रही है कि अब कर्मचारी संगठन एकजुट होकर अपनी आवाज को सरकार तक पहुंचाएंगे।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**लोकसभा में विपक्ष ने अमित.....**

सदस्य शाह के पास आ गए और विपक्ष और सत्ताधारी दल के सांसदों के बीच थोड़ी धक्का-मुक्की हुई। तीन हाउस मार्शलों ने शाह के चारों ओर एक सुरक्षा घेरा बना लिया। सदन स्थगित होने के बाद भी, विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी जारी रखी। विपक्ष की ओर से एआईएमआईएम के असदुद्दीन ओवैसी, कांग्रेस के मनीष तिवारी और केसी वेणुगोपाल, आरएसपी के एन के प्रेमचंद्रन और समाजवादी पार्टी के धर्मेंद्र यादव ने विधेयकों को पेश किए जाने का विरोध किया। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों के अनुसार सात दिन पहले विधेयक पेश करने का नोटिस सदस्यों को नहीं दिया गया और इसकी प्रतियां भी समय पर नहीं वितरित की गईं। अमित शाह ने बुधवार को लोकसभा में तीन विधेयक पेश किए हैं। इसमें से एक विधेयक में प्रधानमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री या राज्य या संघ राज्य क्षेत्र के मंत्री को गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों के लिए अरेस्ट या कस्टडी में लिए जाने पर हटाने का प्रावधान करते हैं। विपक्ष ने केंद्र पर इन विधेयकों के जरिए 'पुलिस राज्य बनाने पर तुली' होने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,'मैं जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक 2025, केंद्र शासित प्रदेश सरकार (संशोधन) विधेयक 2025 और संविधान (एक सौ तीसवाँ संशोधन) विधेयक 2025 को पेश किए जाने का विरोध करता हूं।'

**नए विधेयक राज्य सरकारों को....**

संविधान संशोधन विधेयक को लेकर कहा, अब ये नए विधेयक सत्तारूढ़ दल के हाथों में राज्यों में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकारों को और कमजोर और अस्थिर करने का हथियार बनाने वाले हैं। खरगे ने आरोप लगाते हुए कहा, संसद में, हमने विपक्षी आवाजों को दबाने का बढ़ता चलन देखा है। हमें सदन में महत्वपूर्ण जनहित के मुद्दों को उठाने का बार-बार अवसर नहीं दिया जाता है। मल्लिकार्जुन खरगे ने इंडिया गठबंधन के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी की ओर इशारा करते हुए कहा,संसद में इन उल्लंघनों का विरोध करने और उनके विरुद्ध निर्णायक कार्रवाई करने के लिए, देश को भारत के उपराष्ट्रपति के रूप में एक अनुकरणीय शख्स की आवश्यकता है। खरगे ने कहा, हम विपक्षी दल बी. सुदर्शन रेड्डी के समर्थन में एकजुट हैं। हमें विश्वास है कि उनकी बुद्धिमत्ता, ईमानदारी और समर्पण हमारे राष्ट्र को न्याय और एकता पर आधारित भविष्य की ओर प्रेरित और निर्देशित करेंगे। हम संसद के प्रत्येक सदस्य से आह्वान करते हैं कि वे हमारे लोकतंत्र को जीवंत और लचीला बनाने वाले मूल्यों की रक्षा और संरक्षण के इस ऐतिहासिक प्रयास में हमारे साथ जुड़ें।

**130वां संविधान संशोधन.....**

2025', 'संघ राज्य क्षेत्र शासन (संशोधन) विधेयक, 2025' और 'जम्मू कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025' पेश किए। बाद में उनके प्रस्ताव पर सदन ने तीनों विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का निर्णय लिया। संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 में प्रधानमंत्री, मंत्रियों और मुख्यमंत्रियों को गंभीर अपराध के आरोपों में पद से हटाने का प्रावधान है। संयुक्त संसदीय समिति में लोकसभा के 21 और राज्यसभा के 10 सदस्य होंगे और यह समिति अपनी रिपोर्ट अगले संसद सत्र के प्रथम सप्ताह के अंतिम दिन तक पेश करेगी। टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने एक्स पर एक पोस्ट में दावा किया कि ये विधेयक देश की न्यायपालिका की स्वतंत्रता को खत्म कर देगा। उन्होंने कहा कि वह भारत सरकार द्वारा आज लोकसभा में पेश किए गए 130वें संविधान संशोधन विधेयक की निंदा करती हैं। उन्होंने कहा, मैं इसे एक सुपर आपातकाल से भी बड़े, भारत के लोकतांत्रिक युग को हमेशा के लिए समाप्त करने की दिशा में उठाए गए कदम के तौर पर इसकी निंदी करती हूं। यह दमनकारी कदम भारत में लोकतंत्र और संघवाद के लिए खतरे की घंटी है। सीएम ममता बनर्जी यह भी कहा कि लोकतंत्र को बचाने के लिए इस विधेयक का हर कीमत पर विरोध किया जाना चाहिए।

**कुर्सी बचाने के लिए फैसला....**

कोई जनप्रतिनिधि (प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री या मंत्री) गंभीर आपराधिक आरोपों में 30 दिनों से अधिक हिरासत में रहता है, तो उसे पद से हटाया जा सकता है. इस संशोधन के तहत संविधान के अनुच्छेद 75, 164, और 239 में बदलाव प्रस्तावित हैं, जो क्रमशः प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, और दिल्ली के मुख्यमंत्री के पद से संबंधित हैं. गृह मंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस विधेयक को पेश करते हुए कहा कि यह जनहित में लाया गया है. उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधि केवल जनता की सेवा के लिए हैं. यदि वे आपराधिक मामलों में संलिप्त होकर जेल में रहते हैं, तो उन्हें पद पर बने रहने का अधिकार नहीं होना चाहिए. यह विधेयक आज लोकसभा में पेश किया गया, साथ ही जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन (संशोधन) विधेयक, 2025 और केंद्रशासित प्रदेश (संशोधन) विधेयक, 2025 भी प्रस्तुत किए गए. अखिलेश यादव के अलावा, अन्य विपक्षी दल भी इस संशोधन का विरोध कर रहे हैं.एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि यह संशोधन विपक्षी नेताओं को निशाना बनाने का हथियार बन सकता है और लोकतांत्रिक मूल्यों को कमजोर करेगा. कांग्रेस और अन्य दलों ने भी इस पर चिंता जताई, इसे जनता के अधिकारों पर अंकुश लगाने वाला कदम बताया.

**छत्तीसगढ़ में साय मंत्रिमंडल का विस्तार....**

को शुभेच्छा। हरियाणा की विधानसभा में भी 90 विधायक हैं। हरियाणा में बीजेपी सरकार में मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हैं। हरियाणा के फॉर्मूले को छत्तीसगढ़ में भी लागू करते हुए 3 और मंत्री बनाये गए हैं। अब छत्तीसगढ़ में पहली बार मुख्यमंत्री समेत 14 मंत्री हो जायेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उप मुख्यमंत्री द्वय अरूण साव, विजय शर्मा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, मंत्रीपरिषद के सदस्यगण, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारीगण उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन ने किया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव डॉ. सी.आर. प्रसन्ना भी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री द्वारा नए विभागों का बंटवारा इस तरह किया गया है:- राजेश अग्रवाल को पर्यटन, संस्कृति, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व, गुरू खुशवंत साहेब को कौशल, विकास, अनुसूचित जाति विभाग का नया दायित्व सौंपा गया है जबकि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को उच्च शिक्षा विभाग के जिम्मेदारी दी गई है। मुख्यमंत्री कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नए मंत्रियों को विभागों की जिम्मेवारी सौंप दी गई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पास सामान्य प्रशासन, खनिज, ऊर्जा, जलसंसाधन, सूचना प्रौद्योगिकी विभाग है। और ऐसे विभाग जो किसी को आबंटित न हो वह भी मुख्यमंत्री के पास रहेगा। जल संसाधन विभाग में आए दिन शिकायत को देखते हुए अब यह विभाग केदार कश्यप से छीप लिया गया है जबकि उच्च शिक्षा एवं शिक्षा विभाग जो कि मुख्यमंत्री के पास था अब स्कूल शिक्षा विभाग को दायित्व गजेन्द्र यादव को सौंप दिया गया है। इसके अलावा वे ग्रामोद्योग तथा विधि एवं विधायी विभाग देखेंगे। केदार कश्यप को वन एवं जलवायु परिवर्तन, सहकारिता, संसदीय कार्य, लखनलाल देवांगन को वाणिज्य उद्योग एवं वाणिज्यिक कर, रामबिहारी जायसवाल को लोकस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग एवं अल्प संख्यक विकास कार्य, ओपी चौधरी वित्त वाणिज्यिक, कर, आबकारी को छोड़कर आवास एवं पर्यावरण, लक्ष्मी राजवाड़े को महिला एवं बालविकास तथा टंकराम वर्मा को राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के साथ उच्च शिक्षा विभाग दिया गया है।

**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर हमला.....**

अचानक से हमला हो गया, जो गलत है। सूत्रों ने दिल्ली पुलिस के सूत्रों के हवाले से बताया कि मुख्यमंत्री पर पर एक भारी वस्तु फेंकी गई, जिससे वह जमीन पर गिर गई थीं। आरोपी मौके पर कागज लेकर खड़ा था। उसने मुख्यमंत्री को थप्पड़ भी मारा, काफी गाली-गलौज की और धक्का दे दिया। उसने मुख्यमंत्री का हाथ पकड़कर खींचा, जिससे मुख्यमंत्री का सिर मेज से लड़ गया। मुख्यमंत्री फिलहाल चिकित्सा निगरानी में हैं और दिल्ली पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर मौजूद हैं। दिल्ली के भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बताया कि मुख्यमंत्री गुप्ता अपनी साप्ताहिक जनसुनवाई कर रहीं थीं, तभी उनको एक व्यक्ति ने उन पर हमला किया। उन्होंने थप्पड़ मारने की बात से इंकार किया है और कहा कि मुख्यमंत्री सदमे में हैं। दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने बताया कि मुख्यमंत्री लगातार जनता के बीच जा रही हैं, जिससे राजनीतिक पार्टियां खफा हैं। उन्होंने इस हमले को राजनीतिक से प्रेरित और विरोधियों की साजिश करार दिया है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंदर यादव ने कहा कि मुख्यमंत्री पूरी दिल्ली का नेतृत्व करते हैं। ऐसी घटनाओं की जितनी निंदा की जाए, उतनी कम है, लेकिन यह घटना महिला सुरक्षा की पोल भी खोलती है। अगर मुख्यमंत्री ही सुरक्षित नहीं, तो आम आदमी या महिला कैसे सुरक्षित रह सकती है? नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि लोकतंत्र में असहमति और विरोध की जगह होती है, लेकिन हिंसा के लिए कोई जगह नहीं है। उम्मीद है दिल्ली पुलिस कड़ी कार्रवाई करेगी।

**हमले के बाद मैं सदमे में....**

बेहतर महसूस कर रही हूं. मैं अपने सभी शुभचिंतकों से निवेदन करती हूं कि कृपया मुझसे मिलने के लिए परेशान न हों. मैं बहुत जल्द ही आपके बीच काम करती हुई दिखाई दूंगी. मुख्यमंत्री ने आगे लिखा, ऐसे हमले मेरे हौसले और जनता की सेवा के संकल्प को कभी तोड़ नहीं सकते. अब मैं पहले से कहीं अधिक ऊर्जा और समर्पण के साथ आपके बीच रहूंगी. जनसुनवाई और जनता की समस्याओं का समाधान पहले की तरह ही गंभीरता और प्रतिबद्धता के साथ जारी रहेगा. आपका विश्वास और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी ताक़त है. आपके अपार स्नेह, आशीर्वाद और शुभकामनाओं के लिए मैं हृदय से आभार व्यक्त करती हूं. बुधवार सुबह करीब 8.15 बजे मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता अपने जन सुनवाई कार्यक्रम में जनता की शिकायतें सुन रही थीं. माहौल सामान्य था. लोग अपनी-अपनी बारी का इंतज़ार कर रहे थे. तभी राजेशभाई खिमजी अपनी फाइलें लेकर सीएम के सामने पहुंचा.

**वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने पेश....**

तीन स्तंभों पर आधारित है- संरचनात्मक सुधार, दरों को युक्तिसंगत बनाना और जीवन में आसानी। एक SBI रिसर्च रिपोर्ट के मुताबिक, अगर ये प्रस्ताव लागू होते हैं तो इससे सरकार को सालाना लगभग 85,000 करोड़ का राजस्व घाटा हो सकता है। अगर नई दरें 1 अक्टूबर से प्रभावी होती हैं, तो चालू वित्त वर्ष में करीब 45,000 करोड़ की क्षति हो सकती है। बता दें कि वर्तमान में जीएसटी 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत की दर से लगाया जाता है। खाद्य और आवश्यक वस्तुओं पर शून्य या 5 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जबकि विलासिता और अवगुण वस्तुओं पर 28 प्रतिशत की दर से कर लगता है, जिसके ऊपर उपकर भी लगता है।

**ऑनलाइन गेमिंग बिल संसद में.....**

की लत में आ सकते हैं। AIGF ने यह भी कहा कि नया कानून ऑनलाइन गेमिंग से जुड़े खिलाड़ियों को अवैध नेटवर्क की ओर धकेलेगा। बेहतर होगा कि सरकार प्रगतिशील विनियमन लाए। कानूनी विशेषज्ञों ने दावा किया कि प्रस्तावित कानून संविधान के अनुच्छेद 19(1)(g) (व्यवसाय करने का अधिकार) और अनुच्छेद 14 (समानता का अधिकार) का उल्लंघन है। सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट ने भी माना है कि कौशल आधारित गेम्स जुआ नहीं हैं। ऑल इंडिया गेम पर प्रतिबंध से भारतीय खिलाड़ी सुरक्षित नहीं होंगे, बल्कि अवैध विदेशी ऑपरेटरों को बढ़ावा मिलेगा, जो पहले से ही राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा हैं। सभी वास्तविक-धन गेम्स चाहे वह कौशल आधारित हो या फिर संयोग आधारित प्रतिबंधित होंगे। इनके विज्ञापनों पर भी पूर्णतः रोक लगा दी जाएगी। बैंक और वित्तीय संस्थान इन गेम्स से जुड़े लेन-देन नहीं कर पाएंगे और नियमों का उल्लंघन करने पर 3 साल तक की जेल और जुर्माना हो सकता है। केवल फ्री-टू-प्ले और सब्सक्रिप्शन आधारित गेम्स की इजाजत ही मिलेगी। भारत में पैसे-आधारित सभी ऑनलाइन गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

**शराब घोटाला: कोर्ट ने 28 आबकारी....**

आबकारी मंत्री कवासी लखमा के संरक्षण में यहां सुनियोजित घोटाले को अंजाम दिया गया है। इससे प्राप्त राशि को आरोपियों ने अपने व्यक्तिगत और पारिवारिक हितों में खर्च किया है। इस मामले में अब तक 13 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इस मामले में साक्ष्यों के आधार पर यह आशंका जताई गई है कि 60,50,950 पेटी बी-पार्ट शराब की अवैध बिक्री हुई है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घोटाले की कुल राशि 3200 करोड़ रुपये से अधिक हो सकती है। बी-पार्ट शराब की बिक्री यानी शासकीय दुकानों के सामानांतर रूप से अवैध बिक्री है। बस्तर और सरगुजा संभाग को छोड़कर चयनित जिलों में अधिक खपत वाली देसी शराब दुकानों को डिस्टलरी से सीधे अतिरिक्त अवैध शराब भेजी जाती थी, जिसे वैध शराब के साथ समानांतर बेचा जाता था। इस प्रकरण में अब तक अनिल टुटेजा, अनवर ढेबर, अरुणपति त्रिपाठी, कवासी लखमा, विजय भाटिया सहित 13 लोगों की गिरफ्तारी की जा चुकी है और एफआईआर में 70 आरोपी नामजद हैं।

# सरस्वती शिशु मंदिर में श्री कृष्ण का जन्मोत्सव को गोविंदा उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया

डोंगरगढ़ (दावा)। सरस्वती शिशु मंदिर उच्च. मा. विद्यालय डोंगरगढ़ में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव को गोविंदा उत्सव के रूप में धूमधाम से मनाया गया प्राथमिक विभाग के छोटे-छोटे भैया बहन राधा कृष्ण के वेशभूषा में आए थे। जिनको देखकर ऐसा लग रहा था मानो भगवान जमीन पर उतर आए हो।

प्राथमिक विभाग में आयोजित इस अवसर पर भजन प्रतियोगिता नृत्य प्रतियोगिता, मटकी सजाओ प्रतियोगिता आदि विभिन्न प्रतियोगिताएं कराया गया, जिन्होंने लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर उपस्थित विद्यालय के कोषाध्यक्ष प्रकाश गिरधर, प्राचार्य प्रकाश यादव, हीरालाल मौर्य, शिक्षण वैशाली देशकर, पूर्व प्रधानाचार्य जागेश्वर लाल निषाद, प्रधानाचार्य आदि के द्वारा पूजा अर्चना से कार्यक्रम आरंभ हुआ।

0 प्रतियोगिताओं में विजयी भैया-बहनों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया

विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजयी भैया-बहनों को पुरस्कार द्वारा सम्मानित किया गया। कृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिता प्रथम प्रज्ज्वल वर्मा, द्वितीय रियास दास मानिकपुरी, तृतीय गर्व ऊईके, राधा वेशभूषा प्रतियोगिता अदिति निषाद-प्रथम, आराध्या श्रीवास्तव-द्वितीय, भावना सोनवानी-तृतीय। मटकी सजाओ प्रतियोगिता लोहिताक्ष ताम्रकार प्रथम, युक्ति यादव द्वितीय, जाह्नवी यादव-तृतीय।

हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी विभाग में मटका सजाओ प्रतियोगिता में प्रथम विवेक ताम्रकार, द्वितीय ज्योति देवांगन, तृतीय श्रेया यादव। भजन प्रतियोगिता में प्रथम बहन राशि सिंहा, द्वितीय अनोखी श्रीवास्तव, तृतीय ज्योति देवांगन। नृत्य प्रतियोगिता प्रथम खेमका एवं साथी द्वितीय प्राची एवं चंचल, प्रीति, डिंपल एवं साथी तृतीय स्थान प्राप्त किए हैं।

0 दही लुट कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया भैया-बहनों ने

कार्यक्रम के अंत में दही लूट का कार्यक्रम रखा गया, जिनमें विद्यालय के भैया-बहनों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन भैया ऋषभ वाल्दे, आकाश महोबिया, यामिनी वर्मा, आचार्य बोधन भारद्वाज, प्रीति वाला वैष्णव आदि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूरा विद्यालय परिवार का सहयोग रहा। इस अवसर पर वरिष्ठ आचार्य सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीर सिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, बोधन भारद्वाज, विनोद ताम्रकार, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवी सिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओम प्रकाश महोबिया, नरेश सिंहा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल, पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीति वाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले आदि शामिल रहे।



छोटे-छोटे भैया बहन राधा कृष्ण की वेशभूषा में आए थे

## जन्माष्टमी का पर्व एलिजियम पब्लिक स्कूल दाऊचौरा में धूमधाम के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया



खैरागढ़ (दावा)। एलिजियम पब्लिक स्कूल दाऊचौरा में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।। विद्यालय के बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर सभी का मन मोह लिया।। इस अवसर पर बच्चों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किए वहीं पारंपरिक अंदाज़ में दही लूट कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पूरे विद्यालय परिसर में कृष्ण जन्म की धूम रही और वातावरण राधे-राधे और हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की जैसे जयकारों से गूंज उठा। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन की सराहना करते हुए बच्चों को भगवान कृष्ण के जीवन से प्रेरणा लेकर सच्चाई, प्रेम और सद्भावना के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

# हजारों की संख्या में मितानिनों का शक्ति प्रदर्शन, कलेक्टर कार्यालय घेरने पहुंची रैली की शक्ल में



मांगें पूरी नहीं हुईं तो होगा प्रदेशव्यापी आंदोलन

खैरागढ़ (दावा)। प्रदेश स्वास्थ्य मितानिन संघ एवं प्रशिक्षक कल्याण संघ के आह्वान पर मंगलवार को खैरागढ़ में मितानिनों ने ऐतिहासिक रूप से शक्ति प्रदर्शन किया। दंतेश्वरी मंदिर से निकली इस रैली में करीब दो हजार मितानिनें शामिल हुईं, जो नारे लगाते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं।

मितानीनो की रैली के कारण कुछ समय के लिए खैरागढ़-कवर्धा मुख्य मार्ग पर जाम जैसी स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, मितानिनों ने पुलिस को रैली का समय दोपहर 2:30 बजे दिया था। लेकिन वे 1:30 बजे ही निकल गईं और 2 बजे कलेक्टर कार्यालय पहुंच गईं। अचानक भीड़ से यातायात प्रभावित हुआ, हालांकि यातायात प्रभारी शक्ति सिंह और थाना प्रभारी अनिल शर्मा तत्काल टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मितानिनों को सड़क से किनारे किया। जिससे वाहनों की आवाजाही फिर से शुरू हो गई। कलेक्ट्रेट परिसर में मितानिन प्रतिनिधियों ने एसडीएम टंकेश्वर साहू को मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। मितानिनों के द्वारा सौपे गये ज्ञापन में इसमें चुनावी घोषणा पत्र के वादे पूरे करने और मितानिन कार्यक्रम का संचालन सीधे शासन द्वारा करने की मांग की गई।

### संघ ने साफ चेतावनी दी

यदि एक सप्ताह में ठोस निर्णय नहीं लिया गया, तो प्रदेश की 72,000 मितानिनें जंगी आंदोलन करेंगी। जिसमें मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री निवास का घेराव और प्रदेशव्यापी चक्काजाम शामिल होगा। धरना स्थल पर मितानिनों ने जमकर नारे लगाए और ऐलान किया, कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, तब तक संघर्ष जारी रहेगा।

## ठाकुरटोला में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस, गोविंदा उत्सव की रही धूम



डोंगरगढ़/बेलगांव (दावा)। विकासखंड के अंतर्गत गत आने वाले ग्राम ठाकुर टोला में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। इसके अलावा सरपंच श्री चंद्रवंशी द्वारा प्राथमिक शाला, मिडिल स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्र और सेवा सरकारी उप केंद्र मैं भी ध्वजारोहण किया गया।भारत माता की जय घोष के साथ प्रभात फेरी निकाली गई।

मुख्य कार्यक्रम मिडिल स्कूल प्रांगण में आयोजित किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों के द्वारा देश भक्ति गीत के साथ मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गोविंदा उत्सव को ध्यान में रखते हुए गांव में गोविंदा उत्सव धूम धाम से मनाया गया। प्रति वर्षा नुसरा इस वर्ष भी बाजार चौक स्थित शिव मंदिर से भगवान कृष्ण का डोला निकाला गया। जगह-जगह दही लूट का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर ग्राम पटेल महेंद्र नागपुर भूपेंद्र वर्मा देव प्रसाद नारायण वर्मा निर्मल वर्मा धर्मदास अनीता वर्मा ललित वर्मा कविता वर्मा शिक्षक शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए पालक-शिक्षक समन्यक आवश्यक

कल्लूबंजारी (दावा)। गत दिनों छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के आदेशानुसार शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला कल्लूबंजारी में पालक शिक्षक बैठक आयोजित किया गया।

बैठक में उपस्थित पालकों को पालक-शिक्षक बैठक के उद्देश्य को बताते हुए शिक्षक दिनेश कुमार कुरेटी ने बताया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पालकों एवं शिक्षकों में समन्यक होना आवश्यक है। जब तक पालक-शिक्षक एक साथ नहीं बैठेंगे बच्चों को होने वाले कठिनाइयों को समझ पाना मुश्किल है। शिक्षकों को बच्चों के पारिवारिक, आर्थिक एवं सामाजिक स्थिति को भी समझने की आवश्यकता है। पितृहीन एवं मातृहीन बच्चों के मनोदशा को भी समझने का प्रयास करना चाहिए। अनियमित बच्चों को नियमित विद्यालय लाने के लिए जनभागीदारी की आवश्यकता है। पालको को अपने बच्चों के पढ़ाई के प्रति सतर्क रहना होगा। आज के बच्चे कल के नागरिक बनेंगे इसलिए बच्चों को नैतिक शिक्षा देना अति आवश्यक है। घर के वातावरण को शिक्षा के अनुरूप बनाने की आवश्यकता है। श्री कुरेटी ने शासन द्वारा द्वारा स्कूली बच्चों के लिए चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी तथा नवोदय विद्यालय, उत्कर्ष विद्यालय, सैनिक विद्यालय, एकलव्य विद्यालय, प्रयास विद्यालय, कन्या शिक्षा परिसर, क्रीड़ा शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए आयोजित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं के बच्चों को तैयार करने पर विस्तृत जानकारी दी। आगामी पालक-शिक्षक बैठक में पालकों के शत-प्रतिशत के लिए आवश्यक पहल करने का निर्णय लिया गया।


कल्लूबंजारी में पालक-शिक्षक बैठक आयोजित

बैठक में सरपंच चित्रा कोर्राम, उपसरपंच सुशील कुमार कंवर, पूर्व सरपंच डोमेन कुमार पटेल, ग्राम पटेल राजकुमार पटेल, प्रधानपाठक युएस मंडावी एवं शिक्षक सी.एल.भुआर्य ने अपनी विचार व्यक्त किया। बैठक में प्रमुख रूप से सरपंच चित्रा कोर्राम, उपसरपंच सुशील कुमार कंवर, पूर्व सरपंच डोमेन कुमार पटेल, ग्राम पटेल राजकुमार पटेल, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रामेश्वरी मंडावी, उपाध्यक्ष बाबूलाल पटेल, प्रधानपाठक यु.एस.मंडावी, शिक्षकगण टी.आर.बढ़ई, एस.आर.कार्ते, ए.एस.ठाकुर, गीता कन्नौजे, सी.एल.भुआर्य, जे.एन.नेताम, सी.एस.उइके, पंच मोतीराम साहू, पालक संघ के अध्यक्ष दिलहरण पटेल, पालकगण नरबदिया पटेल, सुनीता रामटेके, चैती साहू, सुनीता पटेल, जितेन्द्र पटेल, गजेन्द्र ठाकुर आदि सहित पालकगण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## स्वतंत्रता दिवस पर रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में राष्ट्रीय पर्व का आयोजन



छुरिया (दावा)। स्थानीय रॉयल किड्स कान्वेंट छुरिया में 15 अगस्तको स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह ने ध्वजारोहण किया एवं सभी छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं ने राष्ट्रगान में भाग लिया।

इस अवसर पर संस्था के डायरेक्टर जन्मेजय बहादुर सिंह ने कहा कि आजादी के बाद अब देश से जातिवाद धर्मवाद भाषावाद क्षेत्रवाद को मिटाना समय की मांग है उन्होंने बच्चों से इन कुरीतियो से दूर रहते हुए राष्ट्रीय हित में भविष्य में काम करने का आह्वान किया। संस्था के प्रधानाचार्य गोपाल साहू एवं प्रधान पाठिका श्रीमती शारदा सिंह गौर ने स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि अर्पित की उन्होंने विद्यार्थियों को देशभक्त और अनुशासन का संदेश दिया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत कविताएं एवं भाषण प्रस्तुत किये समारोह के अंत में सभी को मिष्ठान वितरण किया गया विद्यालय परिसर ने एकजुट होकर देश की एकता और अखंडता के प्रति अपना संकल्प दोहराया। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्षा डॉक्टर सविता जे ण्बीण् सिंहएउपाध्यक्ष अशोक चौधरी, अकेडमीक डायरेक्टर अभिषेक खंडेलवाल बरसर आई.के.वैष्णव ने भी स्वतंत्रता दिवस पर बच्चों को शुभकामनाएं एवं बधाई दी।

# छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य व्यवस्था पर संकट : 16 हजार एनएचएम कर्मचारी हड़ताल पर



अंबागढ़ चौकी (दावा)। छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हो रही हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के 16,000 से अधिक कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। इसके चलते राज्य भर के अस्पतालों में मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

### कर्मचारियों की मुख्य मांगें?

कर्मचारियों की सबसे प्रमुख मांग नियमितीकरण है। वे पिछले 20 वर्षों से सेवा दे रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो स्थायी किया गया है और न ही उचित वेतन मिल रहा है। उनकी अन्य मांगों में शामिल हैं : समान काम के लिए समान वेतन, स्थानांतरण नीति, सेवा शर्तों का निर्धारण, सामाजिक सुरक्षा लाभ आदि है।

### क्यों हो रही है हड़ताल?

कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि सरकार के उपेक्षापूर्ण रवैये और केवल आश्वासन मिलने से मजबूर होकर उन्हें यह कदम उठाना पड़ा है। संघ के जिला अध्यक्ष संतोष चंदेल ने कहा कि यह संघर्ष सिर्फ कर्मचारियों के लिए नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश की स्वास्थ्य व्यवस्था और लाखों मरीजों के हित से जुड़ा है। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमित मिरी ने बताया कि कोरोना महामारी जैसे संकटकाल में भी एनएचएम कर्मचारियों ने अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है, लेकिन जब अपने हक की बात आती है तो सरकार चुप्पी साध लेती है। उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, आंदोलन जारी रहेगा।

### प्रभाव और मरीजों की परेशानी

इस हड़ताल का सीधा असर मरीजों पर पड़ रहा है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। जहां स्वास्थ्य सेवाएं लगभग ठप हो गई हैं। अस्पतालों में इलाज के लिए आए मरीजों को घंटों भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा राष्ट्रीय पोर्टल पर स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित सभी कार्य भी रुक गए हैं। संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष श्याम मोहन दुबे ने सरकार से तुरंत ठोस कदम उठाने की अपील की है। अन्यथा आंदोलन को और अधिक उग्र करने की चेतावनी दी गई है।

## आज उत्कर्ष सोनबोइर का आकाशवाणी रायपुर में व्याख्यान

राजनांदगांव (दावा)। आकाशवाणी रायपुर के कार्यक्रम युववाणी के तहत उत्कर्ष सोनबोइर का व्याख्यान विषय हंसी अउ भाव के सुग्गर समन्वय देवार गीत, निर्देशक सुमिता राय बर्मन बता दें कि इसका प्रसारण छत्तीसगढ़ के सभी आकाशवाणी केंद्रों किया जावेगा आप इसे 5 बजके 10 मिनट से 6.00 के मध्य सुन सकते है. लेखक ने देवार गीत के बारे में गहन बताया है, दशमत कैना जैसे लोकगाथा का सुग्गर चित्रण, तथा उन्होंने कहा है कि देवार कस कोनो धनवान नही यानी उनकी कला के प्रति समृध्दशाली विरासत को दर्शाती है। लेखक ने जाने माने लोक कलाकारों को याद किया है जैसे फिदा बाई मरकाम, रेखा देवार और नंदकुमार देवार।

# छत्तीसगढ़ में मानव और हाथी के बीच बढ़ता प्रतिद्वंद : डॉ. संजय ठीसके




राजनांदगांव (दावा)। गत 12 अगस्त को शासकीय दिग्विजय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ.सुचित्रा गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में एवं विभागाध्यक्ष डॉ. किरण लता दामले के निर्देशन में प्राणीशास्त्र विभाग में विश्व हाथी दिवस मनाया गया।

इस अवसर पर विभागाध्यक्ष डॉ. किरणलता दामले ने अपने उद्बोधन में कहा कि मानव और हाथी के बीच बढ़ते संघर्ष को रोकने के लिए जनजागरूकता सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों को यह समझना होगा कि हाथी हमारे पारिस्थितिक संतुलन के लिए अनिवार्य हैं। यदि हम उनके प्राकृतिक मार्ग और आवास को सुरक्षित रखने की दिशा में कार्य करें, तो इस संघर्ष को काफी हद तक कम किया जा सकता है। छत्तीसगढ़ राज्य के जंगलों और ग्रामीण क्षेत्रों में बीते कुछ वर्षों से मानव और हाथियों के बीच टकराव की घटनाएँ लगातार बढ़ रही हैं। इस विषय पर वन्यजीव विशेषज्ञ डॉ. संजय ठीसके ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि मानव बस्तियों का तेजी से जंगलों की ओर फैलाव और हाथियों के प्राकृतिक आवास का सिकुड़ना, इस संघर्ष का मुख्य कारण है।

डॉ. ठीसके ने बताया कि हाथियों के पारंपरिक मार्ग (कॉरिडोर) पर मानव बस्तियां, कृषि क्षेत्र और औद्योगिक गतिविधियां स्थापित होने से हाथियों के सामने भोजन और जल की समस्या उत्पन्न हो गई है। परिणामस्वरूप वे गाँवों और खेतों की ओर आकर्षित हो रहे हैं, जिससे फसलों की क्षति, संपत्ति का नुकसान और कई बार मानव-हाथी के बीच सीधे संघर्ष की स्थिति बन जाती है। उन्होंने यह भी कहा कि इस प्रतिद्वंद ने न केवल ग्रामीणों की आजीविका को प्रभावित किया है। बल्कि हाथियों के संरक्षण और उनके अस्तित्व पर भी प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। डॉ. ठीसके ने सुझाव दिया कि इस समस्या से निपटने के लिए सरकार, वन विभाग और स्थानीय समुदायों को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। हाथियों के प्राकृतिक मार्गों को संरक्षित करना, जंगलों में जल और भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा जनजागरूकता कार्यक्रम चलाना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे। केंद्र सरकार के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पूरे देश में 2019-2023 तक हाथियों के हमलों में 2,853 लोगों की मौत हुई। जिनमें से छत्तीसगढ़ में 303 लोग मारे गए और 77 हाथियों की भी मृत्यु हुई है।

वन विभाग के अनुसार छत्तीसगढ़ में मानव और हाथियों के संघर्ष की घटनाओं में सबसे अधिक प्रभावित जिलों की सूची निम्नलिखित हैः सरगुजा, रायगढ़, कोरबा, सुरजपुर, महासमुंद, धमतरी, गरियाबंद और बालोद आदि है।

# अरसीटोला में नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन, 230 पशुओं का हुआ उपचार



डोंगरगांव (दावा)। ग्रामीण अंचल में पशुओं के बेहतर स्वास्थ्य और पशुपालकों को जागरूक करने के उद्देश्य से कोकपुर पशु औषधालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम अरसीटोला में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया.

मिली जानकारी के अनुसार पशु चिकित्सालय डोंगरगांव के पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. एम.के. केसरिया एवं डॉ. आदित्य चंद्राकर के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में क्षेत्र के 56 पशुपालकों ने हिस्सा लिया और अपने करीब 230 पशुओं की जांच एवं उपचार किया गया। शिविर की सफलता में कोकपुर औषधालय के एबीएफओ द्वारका साहू, परिचालक ढालसिंग चंद्रवंशी, कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्ता ओमकार साहू और खेमचंद की सक्रिय भूमिका रही। इसके अलावा वेटनरी मोबाइल यूनिट(1962) से डॉ. वीरेंद्र रामटेके, श्रेयस यादव एवं उमेश साहू ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। शिविर में पशु चिकित्सकों ने पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक दवाइयाँ निश्शुल्क वितरित की गई। विशेष रूप से कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई गई, जिसका लाभ कई पशुपालकों ने उठाया। ग्रामीणों को पशुपालन की आधुनिक तकनीकों, रोगों की पहचान, उनके बचाव के उपाय और पशु टीकाकरण की महत्ता पर भी विस्तार से जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान पशु चिकित्सकों ने बताया कि समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण और कृत्रिम गर्भाधान जैसी तकनीकें पशुधन की गुणवत्ता और उत्पादन क्षमता को बढ़ाने में सहायक होती हैं।

नगर में भव्य दही हाण्डी प्रतियोगिता का आयोजन नगर के मस्ती की पाठशाला एवं समस्त नगरवासी के तत्वावधान में आयोजित किया गया। जिसमें आयोजक समिति के द्वारा प्रतिभागियों के लिए नगद राशि दी गई। आयोजकों के कहना है कि पिछले वर्ष की तरह इस वर्ष भी प्रतियोगिता में अपार उत्साह और रोमांच रहा।

# प्री-स्कूल पोषण, शिक्षा और राहत कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को सामग्री का वितरण


संस्था द्वारा बच्चों के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है - पिलेश्वरी भुआर्य

मानपुर (दावा)। प्री-स्कूल पोषण, शिक्षा और राहत कार्यक्रम के अंतर्गत जीवदया फाउंडेशन के सहयोग से जन कल्याण सामाजिक संस्थान राजनांदगाव द्वारा जिला मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी के विकासखंड मानपुर के ग्राम पंचायत कांदाड़ी एवं कामखेडा में एजुकेशन कीट, ड्रेस एवं जूता वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें मुख्यअतिथि के रूप में मंगतू राम कोमरे जनपद सदस्य, पिलेश्वरी भुआर्य सरपंच, नकुल नेताम प्राचार्य हाईस्कूल कदाड़ी, शायमा औरसा उपसरपंच, एजुकेशन कीट, ड्रेस एवं जूता वितरण कार्यक्रम में उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भारतमाता के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन से हुआ। कार्यकर्ता हरीश कुमार क्षत्रिय ने बताया कि संस्थान जिला प्रशासन के साथ कुपोषण दूर करने की लड़ाई में कंधे से कन्धा मिलाकर वि. ख. मानपुर के ग्राम कांदाडी, मुरझर, कामखेड़ा, सहपाल और चावरगांव के अत्यधिक कुपोषित बच्चों, जिसमें 6 माह से 5 वर्ष के 154 बच्चों के साथ कार्य कर रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत 3 से 5 वर्ष के 61 बच्चों को केन्द्र में अनौपचारिक शिक्षा को प्रोत्साहित करने के लिए एजुकेशन किट, जूते, यूनिफार्म प्रदान किया गया।

जनपद सदस्य ने पालकों से अपील किया कि, सभी पालक अपने बच्चों को नियमित आंगनबाड़ी केंद्र लेकर जाये और संस्था एवं विभाग द्वारा दी जा रही योजना का लाभ उठाये। जिससे बच्चे मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ्य रहेंगे। ग्राम के सरपंच पिलेश्वरी भुआर्य ने कहा कि केंद्र में नियमित बच्चों की उपस्थिति बड़ी है। पालक अपने बच्चों को प्रतिदिन यूनिफार्म में आंगनबाड़ी केंद्र भेज रहे हैं। संस्था द्वारा हमारे गांव के बच्चों के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में नकुल नेताम प्राचार्य, शैलेंद्री मंडावी भूतपूर्व सरपंच, मंजू ठाकुर, सुरजोतिन आ.बा कार्यकर्ता, दिलकर शाह मंडावी, भुवन लाल कोरियारा, चैन सिंह राणा, देवसाय शाह, सूखेन्द्र भुआर्या, ललिता मड़ावी मितानिन, किशन सिंह साहू, मनीषा मंडावी, गौरी यादव, शशि मंडावी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थिति रहे।

# आदिवासी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और समाज ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य, जनपद सदस्य व सरपंच सम्मानित



- आदिवासी समाज में देश के लिए मर मिटते हैं - नीलकंठ गढ़े
- मधुसूदन यादव ने प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल से किया सम्मानित

राजनांदगांव (दावा)। पदम्श्री गोविन्दराम निर्मलकर आडोटोरियम मे संभाग स्तरीय अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद नई दिल्ली शाखा राजनांदगांव छत्तीसगढ़ द्वारा 20 अगस्त 2025 को आदिवासी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम के संयोजक नीलकंठ गढ़े जिलाध्यक्ष/प्रांतीय महासचिव जिला राजनांदगांव के नेतृत्व में संपन्न हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, अध्यक्षता एम.डी. ठाकुर अध्यक्ष केंद्रीय गोड़ महासभा धमधागढ़, विशिष्ट अतिथिगण आत्माराम चंद्रवंशी कंवर समाज जिला संरक्षक के आतिथ्य में हुआ।

मुख्य अतिथि मधुसूदन यादव एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा आदिवासी अमर वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का शुभारंभ एम.डी.ठाकुर अध्यक्ष केंद्रीय गोड महासभा धमधागढ़ ने दीप प्रज्वलित कर आदिवासी अमर वीर शहीदों का श्रद्धांजलि दी। आदिवासी समाज ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य सरपंच को प्रशस्ति पत्र एवं गोल्ड मेडल से किया सम्मानित किया। जिसमें चमख नेताम, कपिल धुर्वे, अग्रहिज मंडावी, चुरामन ठाकुर, पुष्पा उइके, राजेंद्र ठाकुर, हीरालाल नेताम, संजय कुमार उइके, कविता मंडावी, अंजलि पड़ोती, कपिलराम धुर्वे, थान सिंह मंडावी, किरण तारम, नंदिनी सेवता, घनश्याम, भिखु, नेमचंद, शेर सिंह गेड़िया सेवता, शिवनंदन, सुधीर, उदयराम, चंद्रभान, मोहनलाल, बालमुकुंद, भागवत ठाकुर, भवन, दीपक, शेर सिंह, सेवती कतलाम, भागवत ठाकुर, बालमुकुंद, मोहनलाल कोमरे, चंद्रभान, उदय राम, हेमराय, अरुण कुमार, रामानंद, नंदिनी सेवता, दीपक मंडावी, मुरारी, बसंती नेताम, परमानंद नेताम, भूषण मरकाम लिल राम मांडवी, बिसौहा मरकाम,भेक सिंह, सुरेंद्र मंडावी, कमल सोरी, हुमन, कुंवर सिंह, परमानंद, दीनदयाल बिसन्तिन नेताम, बसंती नेताम आदि को सम्मानित किया।

मधुसूदन यादव ने संबोधित करते हुए सभी को विश्व आदिवासी दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने कहा कि सारा गांव एक परिवार के समान है सभी के साथ आपसी संबंध होता है सभी एक दूसरे का सहयोग करते हैं गांव के मामलों में सभी मिलकर निर्णय लेते है. जो बहुत बड़ी बात है।उन्होंने कहा कि वह प्रसन्नचित होते हैं और उनमें किसी तरह का तनाव नहीं दिखाई देता है वह सीधे-सादे गरीब और ईमानदार हैं।आदिवासी पारंपरिक वेशभूषा में अपनी घरों से बाहर आकर अपनी एकता, शक्ति, संस्कृति कला और पहचान का प्रदर्शन करते हैं।पूर्व महापौर मधुसूदन यादव ने एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया।

जिला अध्यक्ष नीलकंठ गढ़े ने कार्यक्रम सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे संस्कार अमिट है इसके पालन के लिए हम निरंतर कार्य कर रहे हैं समाज को संस्कारवान होना चाहिए उन्होंने कहा कि आदिवासी समाज देश के काम करने के लिए मर मिटे हैं आदिवासी समाज में शहीदों का भंडार है सच्चाई के मार्ग पर चलते हैं झूठ कपट से दूर रहकर सीधे साधे जीवन व्यतीत करते हैं यही संस्कार हमेशा अमिट रहेगा। भगवान बिरसा मुंडा सबसे कम उम्र में शहीद हुए। एमडी ठाकुर, आत्मा रामचंद्रवंशी ने भी कार्यक्रम सभा को संबोधित किया और समाज की उपलब्धियां को बताई।

# मल- मूत्र का पानी तालाब में जाने से रोकने खोदे गए नाले में गिरकर युवक की मौत



- नाला निर्माण में देरी की वजह से हुई उक्त दर्दनाक घटना
- नाला कटाव के चलते लोगों के घरो में घुस रहा था पानी

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम की बड़ी लापरवाही के चलते बीती रात वार्ड कन्हारपुरी में निर्माणाधीन नाला में गिरने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। इस हादसे के लिए वार्ड पार्षद ने पेटी कांट्रेक्टर कमल नारायण सिन्हा के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। इधर वार्ड में हुई उक्त दर्दनाक घटना को लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है। वार्डवासियों द्वारा वार्ड के उक्त नौजवान युवक की मौत के लिए सीधे नगर निगम की निर्माण एजेंसी को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बता दें कि वार्ड नं0 34 कन्हारपुरी स्थित तिरंगा चौक के समीप तालाब में लोगों के घरों के मल- मूत्र का गंदा पानी रोकने के लिए सड़क काट कर नाले नुमा गड्ढा खोदा गया था। यह गड्ढा लगभग दो महीने से खोदा पड़ा हुआ है। ठेकेदार द्वारा इसे बनाया ही नहीं जा रहा था। वार्ड के लोग इससे खासे परेशान थे। वार्ड के वरिष्ठ नागरिक माधो बजरंग ने इस संबंध में शिकायत भी की थी। पार्षद प्रतिनिधि युवराज ढीरहेर को भी बताएं जाने पर वह ठेकेदार के ऊपर जल्द निर्माण के लिए दबाव बनाए हुए था। लेकिन बारिश के चलते ठेकेदार आज-कल कर रहा था इससे निर्माण कार्य रुका पड़ा था।

बता दें कि पिछले दिनों जमकर हुई बारिश से खोदे गए नाले के बगल वालों के घरों में पानी भर गया। लोगों की परेशानी को देखते हुए पार्षद प्रतिनिधि ने लोगों के घरों से पानी निकासी की व्यवस्था की। वार्ड के लोगों ने बताया कि नाले के लिए रोड को काटे जाने से रवेली, भर्रेगाव, जंग्लेसर की ओर से आने-जाने वालो को बस्ती के अंदर से घूमकर आना-जाना पड़ता था इससे लोगों में खासी परेशानी हो रही है। उपरोक्त परेशानी को देखते हुए लोगों द्वारा उक्त नाले का जल्दी निर्माण किए जाने की बात कही जा रही थी लेकिन ठेकेदार द्वारा निर्माण में हो रही देरी की वजह के मंगलवार की रात उक्त दर्दनाक घटना हो गई। इससे लोगों में काफी आक्रोश व्याप्त है और लोग इसके विरोध में सड़क में आ गए। जिसे बड़े मुश्किल से समझाया गया।

### नाले में गिरकर युवक की दर्दनाक मौत

बताया जाता है कि कन्हारपुरी निवासी आकाश साहू (26 वर्ष) जिसका कुछ दिनों पहले लखोली की युवती से शादी हुई है। वह बीती रात को वह अपनी मोटर सायकल से कन्हारपुरी से लखोली अपनी ससुराल जा रहा था। इस दौरान वार्ड के तिरंगा चौक में निर्माणाधीन नाली में वह मोटर साइकिल समेत वह गिर गया। हादसे में बूरी तरह जख्मी हो चुके युवक को बाद में अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई।

### मृतक परिवार से मिलने पहुंचे महापौर

घटना की जानकारी होते ही महापौर मधुसूदन यादव त्वरित परिजनों से मिलने पहुंचे। बताया जाता है कि मधुसूदन यादव ने निर्माण कार्य में हो रही विलंब को गलती मानते हुए मृतक युवक के परिवार को मुआवजा दिए जाने की बात कही गई है। लोगों का कहना है कि उक्त नाला निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार और निगम के अफसरों ने एक बड़ी लापरवाही बरती है। निर्माणाधीन नाले के सामने एकमात्र स्टॉपर लगाया था। अंधेरा होने के कारण युवक नाले में गिर गया। जिससे उसको काफी चोट पहुंची और इलाज के लिए अस्पताल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। निगम के इस लापरवाही को लेकर वार्ड पार्षद व अन्य लोग काफी गुस्से में है नगर निगम पर युवक का जान लेने का परिजन आरोप लगा रहे हैं।

# शिक्षक की कमी को लेकर जंतरगुंडरा के ग्रामीणों का हंगामा




पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू के नेतृत्व में बीईओ कार्यालय का घेराव

अंबागढ़ चौकी (दावा)। जिला मोहला मानपुर अंबागढ़ चौकी के विकासखंड अंबागढ़ चौकी अंतर्गत ग्राम जंतरगुंडरा के ग्रामीणों ने बुधवार को प्राथमिक शाला में शिक्षक की कमी को लेकर जमकर हंगामा किया। ग्रामीणों ने पूर्व खुज्जी विधायक छन्नी चंदू साहू के नेतृत्व में विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) कार्यालय का घेराव किया और शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना था कि जब तक स्कूल में शिक्षक की व्यवस्था नहीं होगी। तब तक वे आंदोलन स्थल से नहीं उठेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि जंतरगुंडरा प्राथमिक शाला में 60 से अधिक बच्चों का दाखिला है, लेकिन पूरी व्यवस्था महज एक प्रधान पाठक के भरोसे चल रही है। इसके चलते बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है और कई बार स्कूल समय से पहले बंद हो जाता है, जिसकी जानकारी पालकों को नहीं हो पाती। स्कूल के सामने तालाब है जो बच्चों के लिए खतरा हो सकता है।

पूर्व विधायक छन्नी चंदू साहू ने मीडिया से बातचीत में कहा कि शासन ने 57 हजार शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की थी, लेकिन अब तक प्रक्रिया पूरी नहीं हुई। नई भर्ती से बचने के लिए युक्तियुक्तकरण लागू किया गया, जिसकी वजह से कई स्कूलों में शिक्षक की भारी कमी बनी हुई है। बीईओ के समझाइश देने के बाद भी ग्रामीण नहीं माने और जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। स्थिति को देखते हुए डीईओ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि विद्यालय में पदस्थ शिक्षिका, जो बिना अनुमति लगातार अनुपस्थित है। उनके खिलाफ जांच की जाएगी। साथ ही तत्काल व्यवस्था के तहत अतिरिक्त शिक्षक भेजने की बात कही। डीईओ ने संकुल समन्वयक और बीईओ को स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी स्कूल में एकल शिक्षक की स्थिति न बने। यदि कोई शिक्षक अवकाश पर हो तो उनके स्थान पर तुरंत वैकल्पिक व्यवस्था की जाए। जिला शिक्षा अधिकारी के आश्वासन के बाद ग्रामीणों ने अपना धरना प्रदर्शन समाप्त किया। हालांकि ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि भविष्य में फिर बच्चों की पढ़ाई से खिलवाड़ हुआ तो वे पुनः आंदोलन करेंगे और इस बार तंबू गाड़कर अनिश्चितकालीन धरना देंगे।

# करेठी में बुजुर्ग बहा-काफी खोजबीन के बाद भी नहीं मिला



डोंगरगांव (दावा)। क्षेत्र में लगातार बारिश के चलते नदियाँ ऊफान पर हैं और छोटी सी लापरवाही से लोगों की जान जोखिम में पड़ रही है और इस वर्ष फिर से एक बुजुर्ग व्यक्ति के नदी में बहने की खबर आ रही है. मिली जानकारी के अनुसार डोंगरगाँव से लगे ग्राम करेठी(बादराटोला) निवासी शुभेराम साहू पिता तुलसीराम साहू उम्र 65 वर्ष ग्राम से लगे घुमरिया नदी में बहने की खबर है. ग्रामीणों के अनुसार यह व्यक्ति प्रतिदिन की भांति करेठी पुल के समीप लगे अपने खेत से वापसी के दौरान एनीकट में नहाने जाता था और बुधवार दोपहर भी शुभेराम एनीकट में गया था और उसके बाद घर वापस नहीं हुआ. घटना की जानकारी नदी किनारे उसके चप्पल, कपड़ा और सायकल मिलने के बाद हुई और फिर खोजबीन प्रारंभ किया गया और इसकी सूचना डोंगरगाँव थाने में दी गई, जिसके बाद गोताखोरों के साथ करेठी से लेकर तुमड़ीलेवा तक नदी में खोजबीन की गई है किन्तु अब तक शुभेराम का पता नहीं चल पाया है. थाने से मिली जानकारी के अनुसार शाम होने के बाद इस खोज अभियान को रोक दिया गया है और सुबह फिर से पूरी नदी में तलाश किया जायेगा.

# महाराष्ट्र राज्य निर्मित शराब के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

## आरोपी महाराष्ट्र के साल्हेकसा से ट्रेन में ला रहे थे शराब






डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस ने महाराष्ट्र राज्य निर्मित शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी रेल गाड़ी से महाराष्ट्र के साल्हेकसा से शराब का परिवहन कर रहा था। सड़क मार्ग में पुलिस की सक्रियता के चलते शराब तस्कर रेल मार्ग के माध्यम से शराब की तस्करी कर रहे है।पुलिस ने आरोपी को महाराष्ट्र राज्य निर्मित 90 एमएल वाला 230 नग पौवा शराब कीमती- 9200 रू. के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस द्वारा जारी की गई विज्ञप्ति में बताया गया कि, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अति पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा व एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा अपने थाना क्षेत्र में अपने टीम के साथ थाना क्षेत्र में अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों, शराब कोचियों, अवैध शराब बिक्री/तस्करी, सटोरियों, संदिग्ध व्यक्तियों, पॉकेटमार, चाकुबाज एवं अन्य अड्डाबाजी, असमाजिक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखकर लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में दिनांक- 19 अगस्त को मुखबीर सूचना मिला की एक व्यक्ति अवैध रूप से महाराष्ट्र निर्मित देशी शराब को 02 काले रंग के बैग में भरकर साल्हेकसा से ट्रेन में बैठकर डोंगरगढ़ ला रहे हैं कि सूचना पर डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये आरोपी को पुराना रेलवे फाटक के आगे मेला ग्राउण्ड के सामने रेड कार्यवाही किये जहां मुखबीर के बताये अनुसार एक व्यक्ति 02 बैग लेकर रेलवे स्टेशन से पहले पुराना रेलवे फाटक के पास उतरकर जा रहे थे।जो पुलिस को देखकर भागने लगे जिसे घेराबंदी कर पकड़कर पूछने पर आरोपी अपना नाम राहुल नंदेश्वर पिता स्व. अगनु नंदेश्वर उम्र- 22 साल निवासी दंतेश्वरी पारा वार्ड नं.- 2 डोंगरगढ़ का रहने वाला बताया। आरोपी के कब्जे के दोनों बैग को चेक करने पर दोनों बैग में प्लास्टिक पौवा 90 एमएल वाला कुल- 230 नग पौवा मात्रा- 20.700 बल्क लीटर किमती- 9200/-रू0 मिला जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध थाना डोंगरगढ़ में अप0क्र0- 413/2025 धारा- 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।


पगड़ी रस्म



अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि मेरे पूज्य पिताजी
श्री राजेन्द्र प्रसाद जी अग्रवाल
का स्वर्गवास दिनांक 09/08/2025 दिन शनिवार को हो गया है
बारहवां एवं गंगा प्रसादी-21/08/2025 गुरूवार दोपहर 12 बजे
एवं पगड़ी रस्म शाम 4 बजे है
स्थान अग्रसेन भवन पुराना बस स्टैण्ड, भरकापारा, राजनांदगांव

शोकाकुल
मोतीलाल, योगेन्द्र ,
बृजमोहन, सुरेश, विजय
एवं समस्त आनन्दका परिवार
फर्म
✦ माँ गंगई बस ✦ गंगई एचपी गैस
✦ श्री राम फ्यूल्स

विनीत
श्रीमती रूपा देवी (पत्नी),
भावेश अग्रवाल (पुत्र)
श्रीमती पायल अग्रवाल (पुत्रवधु)
भावना, भारती (पुत्री)
पौरूष, श्रेयस (पोते)
मों. 9827114461

टीपः- जिन स्वजनों को सूचना ना मिली हो कृपया इसे ही सूचना समझें।



इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त



बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500



ASHOKA GROUP OF INSTITUTIONS RAJNANDGAON
अशोका आई. टी. आई.
NCVT-DGET नई दिल्ली एवं छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
कोपा (Computer) — 10 वीं पास, 1 वर्षीय कोर्स, 10000/- वार्षिक फीस
स्टेनो — 10 वीं पास, 1 वर्षीय कोर्स, 10000/- वार्षिक फीस
इलेक्ट्रीशियन — 10 वीं पास, 2 वर्षीय कोर्स
8319493983, 8602502398, 7000629783
ग्राम- तोरनकट्टा, मनकी पेट्रोल पंप के पास, जी. ई. रोड, पोस्ट- सोमनी, राजनांदगांव (छ.ग.)
ऑफिस: 99813-60623 | E-mail: ashokaiti2019@gmail.com



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744–406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com